हिन्दी दैनिक

# तीसरा विकल्प न्यूज़

(लखनऊ से प्रकाशित)

वर्षः- 02, अंकः-125, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.

लखनऊ, गुरुवार 17 अक्टूबर 2024



कार्यवाही न होने से आक्रोशित किसान एसोसिएशन...02

बहराइच में हुई हत्या की निंदनीय घटना को लेकर करणी ...06



### गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 318 अंक गिरकर 81,501 पर

## संक्षिप्त समाचार

### एआई से कृषि एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलाव

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस (एआई) देश की कुछ सबसे बड़ी चुनौतियों का समाधान कर रहा है जिसमें खेती के तरीकों में क्रांतिकारी बदलाव से लेकर स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच शामिल है। सोशल मीडिया की इंटरनेट सर्चइंजन कंपनी गूगल इंडिया ने बुधवार को यहां जारी भारत के लिए एक एआई अवसर एजेंडा रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि भारत अपनी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, बेहतरीन तकनीकी प्रतिभा, युवा जनसांख्यिकी और जीवंत स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र के साथ एआई के लाभ लेने के लिए तैयार है। रिपोर्ट के अनुसार एआई जलवायु जोखिमों को कम करके, उत्पादकता और स्थिरता तथा फसल मूल्य निर्धारण की जानकारी और फसल के संभावित खतरों की प्रारंभिक चेतावनी तक पहुँच प्रदान करके भारत के कृषि क्षेत्र की मदद कर रहा है।

### गठबंधन सरकार जम्मू-कश्मीर में लोगों के अधिकार बहाल करेगी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा बुधवार को जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के नेता उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में गठित सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए और कहा कि गठबंधन सरकार वादे पूरे कर अवाम के अधिकारों को बहाल करेगी। कांग्रेस नेताओं ने 'एक्स' पर कहा कि राज्य की इंडिया समूह सरकार हर स्तर पर जनता के हक की लड़ाई लड़ेगी और जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ न्याय करके उन्हें उनका हक देगी। श्री गांधी ने कहा, आज, जम्मू-कश्मीर में इंडिया समूह के वरिष्ठ नेताओं के साथ प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुआ। जम्मू-कश्मीर में इंडिया समूह की सरकार, न्याय की, उम्मीदों की, बरकत की सरकार बनेगी।

### एक महीने से चली आ रही हड़ताल खत्म, कर्मचारियों की जीत

**चेन्नई, एजेंसी।** सैमसंग इंडिया के चेन्नई प्लांट में एक महीने से ज्यादा समय से चली आ रही हड़ताल का अंत हो गया है। इसके साथ ही कंपनी को आखिरकार राहत की सांस लेने का मौका मिल गया है। 9 सितंबर से जारी इस हड़ताल ने फेस्टिव सीजन से पहले कंपनी के प्रोडक्शन को तगड़ा नुकसान पहुंचाया है। कंपनी और हड़ताल कर रहे कर्मचारियों के बीच समझौते के बाद दोनों पक्षों ने मंगलवार को 37 दिन पुरानी इस हड़ताल के खत्म होने का ऐलान किया। कंपनी मैनेजमेंट ने ऐलान किया है कि वह जल्द ही कर्मचारियों के वेलफेयर के लिए कई योजनाएं लाएगी। तमिलनाडु लेबर डिपार्टमेंट ने कहा कि दोनों पक्ष समझौते पर राजी हो गए हैं। साथ ही अब चेन्नई के नजदीक श्रीपेरंबुदूर प्लांट में काम शुरू हो जाएगा। इस हड़ताल को खत्म करवाने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने तीन मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी थी। इसके बाद सभी पक्षों से कई दौर की वार्ता की गई। सैमसंग ने सभी कर्मचारियों को भरोसा दिलाया है कि उनके खिलाफ बदले की कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। हड़ताल पर गए सभी कर्मचारियों ने भी आश्वासन दिया है कि वो मैनेजमेंट के साथ सहयोग करेंगे।

# खाने में अपशिष्ट मिलाना होगा संज्ञेय अपराध, आएगा कड़ा कानून, हर होटल के किचन में होंगे कैमरे :योगी



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

खाद्य वस्तुओं में मानव अपशिष्ट और गंदी चीजों की मिलावट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकार कठोर कानून लाने जा रही है। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रस्तावित कानून के सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

सीएम ने ऐसे मामलों को संज्ञेय अपराध के दायरे में लाने के साथ सजा और जुर्माने का अध्ययन कर अध्यादेश तैयार करने का निर्देश दिया। प्रस्तावित कानून में 10 साल तक की सजा का प्रावधान हो सकता है। सीएम ने विधि आयोग, गृह, न्याय व खाद्य एवं रसद समेत संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि बीते दिनों जूस, दाल और रोटी में मानव अपशिष्ट और गंदी चीजों की मिलावट की घटनाएं सामने आई हैं। इस पर स्थायी रोक के लिए कड़ा कानून जरूरी है ताकि लोगों का भरोसा कायम रहे। ऐसी घटनाएं वीभत्स होने के साथ आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालती हैं। इससे सामाजिक सौहार्द भी प्रभावित होता है। ऐसे कुत्सित प्रयास स्वीकार्य नहीं किए जा सकते। होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, स्ट्रीट वेंडर से जुड़ी इन गतिविधियों के संबंध में स्पष्ट कानून तैयार करें जिससे उल्लंघन करने वालों को कारावास और अर्थदंड की सजा हो सके। ऐसे अपराध संज्ञेय और गैरजमानती बनाए जाएं। सीएम ने कहा कि असामाजिक तत्व पहचान छिपाकर यह हरकत करते हैं। ऐसी गतिविधियों पर कड़ाई से लगाम लगनी चाहिए। हर उपभोक्ता को अधिकार है कि वह सेवाप्रदाता के बारे में आवश्यक जानकारी पा सके।

इसके लिए विक्रेता द्वारा प्रतिष्ठान पर साइनबोर्ड लगाना अनिवार्य हो। प्रतिष्ठान में काम करने वाले सभी कर्मियों का पहचान पत्र धारण करना भी अनिवार्य हो। छद्म नाम रखने, गलत जानकारी देने वालों के लिए भी सजा के कड़े प्रावधान होने चाहिए। योगी ने कहा कि प्रत्येक खाद्य प्रतिष्ठान सुनिश्चित करें कि कोई भी भोजन दूषित न हो। रसोईघर एवं भोजन कक्ष में सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगा हो। इसकी न्यूनतम एक माह की फुटेज जिला प्रशासन के मांगने पर उपलब्ध कराई जा सके। भोजन पकाते और परोसते समय सिर ढकना, मास्क और दस्ताने पहनना जरूरी है। कारोबारी को अपने कर्मचारियों का विवरण पुलिस को देना होगा।

**ये अध्यादेश आएंगे**

- उप्र छद्म एवं सौहार्द विरोधी क्रियाकलाप निवारण एवं थूकना प्रतिषेध अध्यादेश 2024
- यूपी प्रिवेंशन ऑफ कंटेमिनेशन इन फूड (कंज्यूमर राइट टू नो) अध्यादेश 2024

## केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री बने उमर अब्दुल्ला



**श्रीनगर, एजेंसी।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने अनुच्छेद 370 के निरस्त होने और केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के रूप में बुधवार को शपथ ली। श्री अब्दुल्ला इससे पहले 2009 और 2014 की अवधि में जम्मू-कश्मीर राज्य के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने 1998 से 2009 तक दो बार लोकसभा में श्रीनगर का प्रतिनिधित्व किया। वह सबसे कम उम्र के लोकसभा सदस्य थे और पांच जनवरी-2009 को कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन सरकार बनाने के बाद जम्मू-कश्मीर राज्य के सबसे कम उम्र के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने वर्ष 2014 से 2018 तक पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य में विपक्ष के नेता के रूप में कार्य किया। उन्होंने श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार में 23 जुलाई-2001 से 23 दिसंबर-2002 तक केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के रूप में भी सेवाएं दी। बाद में उन्होंने पार्टी के काम पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अक्टूबर-2002 में राजग सरकार से इस्तीफा दे दिया। अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने और जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किये जाने के बाद अन्य नेताओं के साथ श्री अब्दुल्ला को हिरासत में लिया गया और छह फरवरी-2020 को भारत सरकार ने उन पर सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत मामला दर्ज किया, वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले श्री अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में इंडिया समूह के साथ गठबंधन के तहत अन्य राजनीतिक दलों के साथ सीट बंटवारे के समझौते के लिए अनिच्छा दिखाई और जोर दिया।

## शिक्षामित्रों का बढ़ेगा मानदेय: संघ के पदाधिकारियों से सीएम योगी ने की मुलाकात, दिया आश्वासन



**लखनऊ।** यूपी विधान परिषद सदस्य श्रीशचंद्र शर्मा के नेतृत्व में आए शिक्षामित्र संघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री योगी ने मानदेय से जुड़े मामले में विभागीय मंत्री से बात कर सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया। शिक्षामित्र काफी दिनों से मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए वह लखनऊ में आंदोलन भी कर चुके हैं। बता दें कि शिक्षामित्र लंबे समय से मानदेय बढ़ाने के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। बुधवार को शिक्षामित्र संघ के पदाधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें सकारात्मक निर्णय लेने का भरोसा दिलाया। शिक्षामित्र समय-समय पर आंदोलन भी करते रहे हैं पर अभी तक उनकी मांग पर अमल नहीं किया गया है।

## भारत के नये नियमों ने वैज्ञानिक एवं नैतिक अनुसंधान को बढ़ावा दिया: अनुप्रिया

**नयी दिल्ली, एजेंसी।**



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया सिंह पटेल ने बुधवार को कहा कि भारत के नए नियमों और विनियामक प्रक्रियाओं ने वैश्विक अपेक्षा और अंतर्राष्ट्रीय मांग के अनुरूप वैज्ञानिक और नैतिक अनुसंधान को बढ़ावा दिया है। श्रीमती पटेल ने यहां 19वें अंतर्राष्ट्रीय औषधि विनियामक प्राधिकरण सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विनियमन के क्षेत्र में भारत के प्रयासों से दुनिया भर के लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य परिणाम मिल सकते हैं। इस अवसर पर नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वी.के. पॉल भी उपस्थित थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) देश में पहली बार यह कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक देशों के नियामक प्राधिकरण, नीति निर्माता और स्वास्थ्य अधिकारी भाग ले रहे हैं। श्रीमती पटेल ने देश में शुरू किए गए नए नियमों और नियामक प्रक्रियाओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा, नये औषधि और नैदानिक परीक्षण नियम 2019 और चिकित्सा उपकरण नियम 2017 के रूप में नैदानिक परीक्षण के क्षेत्रों में प्रकाशित नए नियमों ने वैश्विक अपेक्षा और अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं के अनुरूप वैज्ञानिक और नैतिक अनुसंधान को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा उपकरणों और निदान के क्षेत्र में नियामक आवश्यकताओं को सुसंगत बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठनों और क्षेत्रीय नेटवर्क के साथ वैश्विक स्तर पर सहयोग किया रहा है।

## केन्द्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की बढोतरी



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार में लगभग एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते डीए एवं महंगाई राहत डीआर में तीन फीसदी वृद्धि की सौगात मिली है। बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने डीए की दरों में बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर मुहर लगाई है। पहली जुलाई से देय महंगाई भत्ते की दर अब 50 प्रतिशत से बढ़कर 53 प्रतिशत हो गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद हुई प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी है। इससे पहले कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के महासचिव एसबी यादव ने 30 सितंबर को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर डीए की दरों में बिना कोई देरी किए वृद्धि करने की मांग की थी। पत्र में कहा गया कि सामान्य तौर पर महंगाई भत्ते एवं महंगाई राहत में बढ़ोतरी का भुगतान, अक्तूबर के पहले सप्ताह में हो जाता था। इस बार केंद्र सरकार ने दशहरे पर भी ऐसी कोई घोषणा नहीं की। बता दें कि डीए/डीआर की दरों में बढ़ोतरी की घोषणा, सितंबर माह में कर दी जाती थी। कई बार अक्तूबर के प्रारंभ में भी डीए/डीआर का एलान हुआ है। तीन अक्टूबर को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई थी। उसमें रेल कर्मचारियों को 78 दिन का बोनस देने की घोषणा की गई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया था कि रेल कर्मचारियों के लिए 2029 करोड़ रुपए के बोनस को मंजूरी मिल गई है। इसके बाद केंद्रीय कर्मचारियों को यह आस बंध गई थी।

**देरी पर केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों में था असंतोष**

इन भत्तों को तय समय पर जारी न कर केंद्र सरकार, खुद लाभ कमा रही है। एसबी यादव के अनुसार, वित्त मंत्री को लिखे पत्र में कहा गया है कि महंगाई भत्ता डीए और महंगाई राहत डीआर एक जुलाई से देय हैं। आमतौर पर सितंबर के आखिरी सप्ताह में इसकी घोषणा कर दी जाती थी। इसके बाद अक्टूबर के पहले सप्ताह में कर्मचारियों को तीन महीने का बकाया भुगतान किया जाता था।

## प्रशांत किशोर की पार्टी 'जन सुराज ने कैंडिडेट का किया ऐलान

**पटना, एजेंसी।**

प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने बुधवार को बिहार की तरारी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए पूर्व उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एस के सिंह को उम्मीदवार बनाकर चुनावी राजनीति में अपना पहला कदम रखा। सिंह की उम्मीदवारी की घोषणा पटना में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान किशोर और उनकी पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज भारती ने की।बिहार की रामगढ़, तरारी, इमामगंज और बेलागंज सीटों के लिए उपचुनाव 13 नवंबर को होंगे। उपचुनावों की मतगणना 23 नवंबर को होगी। ये सभी सीटें इस साल की शुरुआत में विधायकों के लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद खाली हो गई थीं। राजनीतिक रणनीतिकार से नेता बने किशोर ने खुलासा किया कि पार्टी अगले महीने होने वाले तीन अन्य सीटों पर उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम कुछ ही दिनों में घोषित कर देगी। उन्होंने जोर देकर कहा, ''दिवंगत एस के सिन्हा के अलावा बिहार से सेना के एकमात्र उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल सिंह की उम्मीदवारी तरारी के लिए गर्व की बात है। उल्लेखनीय है कि भोजपुर जिले में आने वाली इस सीट पर उपचुनाव की आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि यहां से, विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस ('इंडिया) में शामिल भाकपा (माले) के विधायक सुदामा प्रसाद लोकसभा के लिए निर्वाचित हो गए हैं।



## संगीत, नृत्य युवा पीढ़ी को राष्ट्र की परंपराओं से जोड़ने में निभाता है अहम भूमिका: मोदी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।**



संगीत नाटक अकादमी ने भारतीय नृत्य पर बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय महोत्सव आयोजित किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महोत्सव के लिए एक विशेष संदेश साझा किया और भारतीय संस्कृति में नृत्य के महत्व रेखांकित करते हुए कहा यह युवा पीढ़ी को राष्ट्र की परंपराओं से जोड़ने में अहम भूमिका निभाता है। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज राजधानी में छह दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन किया। यह मंत्रालय का भारतीय नृत्य पर पहला अंतरराष्ट्रीय महोत्सव है, जिसका उद्देश्य भारतीय नृत्य शैलियों की विविधता और समृद्धि का जश्न मनाया तथा उनका अन्वेषण करना है। उन्होंने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य कला में स्थायी करियर पर चर्चा को बढ़ावा देना और भारतीय नृत्य के लिए संस्थागत समर्थन को प्रोत्साहित करना है, जिससे सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मंच बने। श्री मोदी ने संगीत नाटक अकादमी एवं संस्कृति मंत्रालय का आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह हमारे लिए एक ऐतिहासिक क्षण और एक यादगार अवसर है। विभिन्न देशों के कलाकारों की भागीदारी सांस्कृतिक विनिमय में मदद करती है। संगीत और नृत्य ऐसी भाषाएं हैं जो सीमाओं को पार करती हैं और जिन्हें सभी जगह समझा जाता है। प्रदर्शन कलाओं के लिए सबसे प्राचीन ग्रंथ भारत में भरत मुनि द्वारा लिखे गए थे। इस विरासत को आगे बढ़ाना गर्व और जिम्मेदारी दोनों है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस तरह के महोत्सवों में युवा पीढ़ी को संलग्न करने से उन्हें अपनी जड़ों से जुड़े रहने में मदद मिलती है और यह राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को मजबूत करता है।

## भगोड़ा घोषित व्यक्ति याचिका कैसे दायर कर सकता है

### केंद्र ने एससी में जाकिर नाइक की पिटीशन पर उठाया सवाल

**नयी दिल्ली, एजेंसी।**



केंद्र सरकार ने विवादित इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक की ओर से उच्चतम न्यायालय में दायर उस याचिका पर बुधवार को सवाल उठाया, जिसमें 2012 में गणपति उत्सव के दौरान दिए उसके कथित आपत्तिजनक बयानों को लेकर विभिन्न राज्यों में दर्ज प्राथमिकी को एक साथ जोड़ने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति एहसानुद्दीन अमानुल्ला और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष पेश सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता ने पूछा कि एक ऐसा व्यक्ति, जिसे भगोड़ा घोषित किया गया है, संविधान के अनुच्छेद-32 के तहत याचिका कैसे दायर कर सकता है। मेहता ने कहा कि मुझे उसके वकील ने बताया कि वे मामला वापस ले रहे हैं। हमारा जवाब तैयार है। नाइक की तरफ से पेश वकील ने कहा कि उसे मामला वापस लेने के संबंध में कोई निर्देश नहीं मिला है और याचिका में विभिन्न राज्यों में दर्ज लगभग 43 प्राथमिकी को एक साथ जोड़ने का अनुरोध किया गया है। वकील ने कहा कि उसके मुवक्किल के खिलाफ छह प्राथमिकी विचाराधीन हैं और वह इन्हें रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय का रुख करेगा। शीर्ष अदालत ने नाइक के वकील को हलफनामा दायर कर यह बताने का निर्देश दिया कि वह मामला जारी रखेगा या इसे वापस लेगा। इसके साथ ही अदालत ने मेहता से मामले में जवाब दाखिल करने को कहा।

**आरजी कर विरोध**

## जूनियर डॉक्टरों की भूख हड़ताल 12वें दिन भी जारी



**कोलकाता, एजेंसी।**

आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या की घटना के विरोध में कोलकाता के एस्प्लेनेड में जूनियर डॉक्टरों का आमरण अनशन 12वें दिन भी जारी रहा। एस्प्लेनेड स्थित मंच पर भूख हड़ताल पर बैठे जूनियर डॉक्टरों की कुल संख्या अब सात हो गई है। अखिल भारतीय स्वच्छता एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान की रूमेलिका कुमार और मिदनापुर मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल के स्पंदन चौधरी भी अब इस भूख हड़ताल में शामिल हो गए हैं। इस बीच, दुर्गा पूजा समाप्त होने के साथ ही इस घटना पर जारी विरोध प्रदर्शन को नियंत्रित करने के लिए कोलकाता पुलिस ने उत्तरी कोलकाता में आर.जी. कर कॉम्प्लेक्स के आसपास प्रोहिबिटरी ऑर्डर (निषेधाज्ञा) को 30 अक्टूबर तक बढ़ा दिया है, जिसके तहत उस पूरे क्षेत्र में पांच या अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक लगा दी गई है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 को श्यामबाजार फाइन-पॉइंट क्रॉसिंग, ताला, श्यामपुकुर और उल्टाडांगा सहित अन्य क्षेत्रों में लागू कर दिया गया है।

## पाकिस्तान में जयशंकर बोले, आतंकवाद के साथ व्यापार नहीं

### एससीओ बैठक में चीन का नाम लिए बिना कहा- बॉर्डर का सम्मान करने की जरूरत

**विकास के लिए आतंकवाद से लड़ना जरूरी: जयशंकर**

भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर में एससीओ बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एससीओ का मकसद पूरा करने के लिए आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से लड़ना जरूरी है।



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान में शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। जयशंकर ने पाकिस्तान-चीन का नाम लिए बिना कहा कि सभी देशों को एक दूसरे की सीमाओं का सम्मान करने की जरूरत है। भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि यदि एससीओ के मेंबर देशों के बीच दोस्ती में कमी आई है और पड़ोसी से संबंध बिगड़े हैं तो इस पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर हमारे बीच भरोसे में कमी आई है तो हमें अपने अंदर झांकने और इसकी वजह समझने की जरूरत है। इससे पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एससीओ बैठक की शुरुआत करते हुए कहा था।

**जयशंकर ने पाकिस्तानी पीएम से फिर मिलाया हाथ**

विदेश मंत्री जयशंकर एससीओ बैठक में शामिल होने जिन्ना कन्वेंशन सेंटर पहुंचे। यहां उन्होंने एक बार फिर से पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ से हाथ मिलाया। अब कुछ ही देर में जयशंकर ग्रुप लीडर्स के साथ फोटो सेशन में शामिल होंगे।

# कार्यवाही न होने से आक्रोशित किसान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

⇨ पदाधिकारियों ने समाज कल्याण विभाग पर लगाया उत्पीड़न कर वसूली का आरोप

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता राकेश पाण्डेय**



सीतापुर। जिले के समाज कल्याण विभाग में व्याप्त भृष्टाचार को लेकर भारतीय मजदूर किसान वेलफेयर एसोसिएशन के दर्जनों कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने निष्पक्ष जांच कराए जाने को लेकर कई बार दिए गए ज्ञापनों के क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष जागेश्वर वर्मा ने बताया कि शासन प्रशासन को वह लगातार पत्राचार के माध्यम से एवं व्यक्तिगत ज्ञापन प्रेषित कर रहे हैं, लेकिन समाज कल्याण विभाग के द्वारा उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी, जिससे आक्रोशित होकर सैकड़ों पीड़ित किसानों ने दिनांक पच्चिस सितम्बर 2०24 को जिला अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की थी। धरना प्रदर्शन के दौरान प्रभारी जिला अधिकारी द्वारा तत्काल जांच कराकर पीड़ितों को न्याय दिलाये जाने का आश्वासन दिया था। प्रभारी जिलाधिकारी द्वारा दिये गये आश्वासन पर किसानों,कार्यकर्ताओं व पीड़ितों ने धरना प्रदर्शन को समाप्त कर उचित कार्रवाई एक हफ्ते के अंदर किए जाने की मांग की थी।प्रभारी जिलाधिकारी के स्तर से दिए गए आश्वासन के बावजूद अधिकारियों पर कार्यवाही तो दूर रही।उल्टे जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा किसान एशोसियेशन के पदाधिकारियों पर ही दबाव बनाये जाने का काम किया रहा है। आवाज उठाने वालों की ही आवाज को दबाने का कार्य किया जा रहा है । जो नया संगत नहीं है । आपको बताते चलें कि समाज कल्याण विभाग में दलालों के माध्यम से उत्पीड़न व पारिवारिक लाभ वृद्धा पेंशन आदि योजनाओं में जमकर वसूली की जाती है,कई वर्षों से पात्र लाभार्थियों के आवेदन हजारों की संख्या में विभाग में लम्बित पड़े हुए हैं उनको लाभ नहीं दिया गया। जिसके खुलासे व निष्पक्ष जांच हेतु किसान एसोसिएशन ज्ञापनों के माध्यम से उजागर करता आ रहा है,फिर भी अधिकारियों द्वारा गरीब मजदूर पीड़ितों का शोषण किया जा रहा है। एसोसिएशन के जिम्मेदारों ने पुन: समाज कल्याण विभाग की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। इस मौके पर एसोसियेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जागेश्वर वर्मा,एड. मण्डल अध्यक्ष सर्वेश पाण्डेय,राजा टोडर मल स्मारक समिति राजस्व सुरक्षा सेवा दल,एड०/जिलाध्यक्ष शिवनाथ मिश्र एसोसिएशन जिला अध्यक्ष सन्तोष कुमार राव,जिला महासचिव अरुण कुमार राज, एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष रमेश कुमार, अवधेश कुमार,मोती लाल मनीष लाला ,नीरज अवस्थी सहित दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं ने की अनिश्चित कालीन हड़ताल

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - शकील अहमद**



लोहरदगा झारखंड - आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ झारखण्ड प्रदेश के नेतृत्व में तथा संयुक्त मोर्चा के आहवान पर आठ सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठे है। जिसमें मंगलवार को किस्को एवं पेशरार प्रखंड के आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका किस्को प्रखंड मुख्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया। साथ ही अपनी मांगों को लेकर जमकर नारे बाजी की और मांगे पूरी नहीं होने तक हड़ताल पर ही बैठने की बात कही गई। सेविकाओं के आठ सूत्री मांगों में न्यूनतम मानदेय 18,000 एवं सहायिका को 10,000 हजार रुपये प्रति माह, सेवा निवृत्ति के पश्चात दस लाख सेविका को एवं पांच लाख सहायिका के लिए मांग, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के अकास्मिक निधन पर उनके आश्रित को वगैर आम सभा किये बहाल करने, सेवा शर्तें में संशोधन करने, आंगनबाड़ी सेविका को बीएलओ कार्य से मुक्त करने, सेवानिवृत्त के पश्चात पेंशन वर्तमान मानदेय के आधा देने, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका को ग्रेच्युटी का लाभ देने, आंगनबाड़ी कर्मचारियों को वर्ष में दशहरा के अवसर पर बोनस देने की मांग की गई है।

## बगड़ू में दशहरा जतरा आयोजित, कई गाँव के खोड़हा दल हुए शामिल

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**



झारखंड। किस्को प्रखण्ड के बगडू विद्यालय मैदान में पूर्वजो से चली आ रही ऐतिहासिक दशहरा जतरा का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से बगडू पंचायत की मुखिया रानी मिंज, समाजसेवी बीरेंद्र यादव, रामदेव उरांव, बबलू प्रजापति, सुनील साहू, जयश्री उरांव व अन्य मौजूद रहे। मौके पर खोड़हा दल द्वारा अतिथियों को पुष्प वर्षा कर स्वागत कर मंच तक लाया गया।अतिथियों का स्वागत खोड़हा दल द्वारा पारम्परिक रीतिरिवाजों के साथ किया गया। वही मंच पर मौजूद अतिथियों को बैच पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जतरा में कई गाँव के खोड़हा ने भाग लिया एवं परम्परागत ढोल नगाड़ों के साथ आदिवासी सभ्यता की झलकियां दिखाई गई। इस दौरान लोग झूमते गाते नजर आए। साथ ही जतरा में काफी भीड़ जमा हुई.वही अतिथियों द्वारा खोड्हा दल का निरीक्षण भी किया गया।

## प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने अलीना डायग्नोस्टिक जांच सेंटर का किया शुभारंभ

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**

लोहरदगा झारखंड । किस्को बैंक ऑफ इंडिया के समीप में बुधवार को न्यूबर्ग डायग्नोस्टिक कलेक्शन सेंटर के अन्डर में अलीना डायग्नोस्टिक जांच सेंटर शुरू हुआ। जिसका शुभारंभ किस्को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अशोक कुमार ओड़ेया एवं चला आयो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के डायरेक्टर अतहर अंसारी के द्वारा संयुक्त रूप से पिता काटकर किया गया। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि खून, पेशाब, थायराइड सहित अन्य तरह की जांच अब किस्को में ही होने से यहां के ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी। किस्को में जांच सेंटर नहीं होने के कारण लोगों को काफी समस्या होती थी और लोहरदगा जाना पड़ता था। वहीं संचालक सद्दाम हुसैन एवं आदम अंसारी ने बताया कि अब किस्को में ही जांच से संबंधित सभी तरह की सेवा मिलेगी। जिसमें किडनी फंक्शन टेस्ट, लिवर फंक्शन टेस्ट, यूरिन रूटीन, विटामिन डी, कैल्शियम, मलेरिया टाइफाइड, खून पेशाब, थायराइड व बलगम सहित तरह की जांच की जाएगी। मौके पर टेक्नीशियन विकास पासवान, नर्स शम्मा परवीन, साबिर कादरी, बिपुल पांडा, रिषद प्रसांत, अतहर अंसारी, बिपिन विश्वकर्मा, अफ़रोज़ अंसारी, शहबान अंसारी, महबूब अशरफी, अल्ताफ़ अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।



## बोलेरो गाड़ी से हरिहरगंज पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब किया बरामद

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**

झारखंड। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के मध्य नजर, पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कौवाखोह एनएच 139 पर बुधवार को विशेष छापेमारी अभियान के दौरान बोलेरो गाड़ी नंबर बीआर 26 ए 7477 से अवैध गॉडफादर कंपनी के 216 बोतल बियर तथा गॉडफादर कंपनी के 48 बोतल केन बियर अंग्रेजी शराब जिसकी कीमत लगभग 44 हजार को हरिहरगंज पुलिस ने बरामद किया है।




इस दौरान बोलेरो गाड़ी से गॉडफादर कंपनी के 264 बोतल बियर तथा केन बियर शराब को बरामद किया है। अवैध रूप से शराब ले जाने के विरोध में हरिहरगंज थाने में प्राथमिकी कांड संख्या 141/24 दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।हरिहरगंज पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार प्रभारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अवैध शराब के विरुद्ध लगातार करवाई किया जा रहा है।और आगे भी जारी रहेगा। छापेमारी दल में एसआई सतीश कुमार गुप्ता, धनंजय गोप, राकेश सिंह, हेमंत बास्की सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## स्वीप गतिविधि के तहत मतदाताओं के वृहद पैमाने पर मतदान करने को किया गया प्रेरित

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - मोहम्मद इब्राहिम**

चाईबासा झारखंड। - पश्चिमी सिंहभूम जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री कुलदीप चौधरी के निर्देशानुसार विधानसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर जिला अंतर्गत स्वीप गतिविधि के तहत मतदाताओं की बृहद भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु नोडल पदाधिकारी-स्वीप कोषांग-सह-सहायक समाहर्ता अर्णव मिश्रा के द्वारा जागरूकता गतिविधि अंतर्गत आज बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम में जाकर उपस्थित सभी खिलाड़ियों को पश्चिम सिंहभूम जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र में मतदान दिवस 13 नवंबर को वृहद पैमाने पर मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। तत्पश्चात उनके द्वारा जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का अगुवाई करते हुए रैली के माध्यम से क्षेत्र वासियों को मतदान दिवस 13 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर उनके द्वारा ईवीएम मशीन की कार्य प्रणाली के बारे में डेमो के माध्यम से बताया गया कि ईवीएम और वीवीपीएटी दोनों ही मशीन कंट्रोल यूनिट के साथ जुड़ी होती है। जैसे ही आप ईवीएम मशीन में बटन दबाते हैं, एक बीप की आवाज आती है, और साथ में लगी वीवीपैट मशीन में आपने जिस उम्मीदवार को वोट दिया है, उसकी एक पर्ची प्रिंट होकर दिखने लगती है। उन्होंने बताया कि जब भी कोई व्यक्ति मतदान/वोट डालता है, तो वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल उर्फ वीवीपीएटी मशीन में स्लिप जेनरेट होती है। इस स्लिप को देखने से वोट देने वाले को एक तसल्ली हो जाती है कि उन्होंने जिस उम्मीदवार को वोट दिया है वोट उसी को गया है। कार्यक्रम में सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सदर, प्रभारी पदाधिकारी स्वीप कोषांग सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




# आचार्य नरेंद्र देव टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज सीतापुर में आयोजित हुआ सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

➲ ट्रैफिक नियमों का पालन जरुरी है: प्रोफेसर प्रणिता सिंह

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता राकेश पाण्डेय**




सीतापुर। सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम जिला मुख्यालय बिजवार स्थित आचार्य नरेंद्र देव टीचर ट्रेनिंग कॉलेज सीतापुर के तत्वाधान में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के माध्यम से ट्रैफिक नियमों की जानकारी देकर सड़क हादसों में कमी लाना, सुरक्षा मानको का पालन सुश्चित करना जैसे महत्व पूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। सड़क सुरक्षा पखवारा के तहत हुए इस कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती से हुई जिनमें सड़क सुरक्षा शपथ,सड़क सुरक्षा के संदर्भ में जागरूकता अभियान,नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठी तथा निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इसमें विद्यार्थियों के साथ साथ वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उसका पालन कराए जाने के लिए शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रमों का आयोजन डॉक्टर नितिन पांडेय के द्वारा किया गया। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर एस पी सिंह ने सड़क यातायात सम्बन्धी सभी नियमों का विस्तार से वर्णन करते हुए उसके उपयोगिता के बारे में विद्यालय के सभी छात्रों एवं मौजूद शिक्षकों को अवगत करवाया। प्रोफेसर प्रनिता सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के लिए ट्रैफिक नियमों का पालन जरुरी है डॉक्टर मोहम्मद इमरान ने सड़क सुरक्षा को लेकर छात्रों को शपथ दिलवायी। कॉलेज के प्रोफेसर सुनील कुमार ने कहा हम सभी के सहयोग से ही सड़क सुरक्षा संभव है।डॉ नितिन पाण्डेय ने बताया हेलमेट पहने, सीट बेल्ट, गति सीमा,इत्यादि सभी नियमों का पालन जरुरी है। इस मौके पर डॉ दीपा अवस्थी,डॉ अरविंद प्रकाश विनय पाण्डेय,पंकज, उज्जवला वैश्य महा विद्यालय के सभी कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## ईडी की छापेमारी राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित: त्रिशानु राय

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - मोहम्मद इब्राहिम**

चाईबासा झारखंड । प. सिंहभूम जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य कांग्रेस नेता त्रिशानु राय ने झारखण्ड सरकार गठबंधन के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी को राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को पलामू प्रमंडल की पांच सीटों पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रभाव से हारने का डर है। इसके अलावा, प0सिंहभूम जिला में भी उनकी मजबूत पकड़ है। गढ़वा में हुए विकास कार्यों की चर्चा पलामू प्रमंडल के सभी विधानसभा क्षेत्रों में हो रही है, जिससे लोग अपने-अपने विधायकों से सवाल करने लगे है। जनता अब क्षेत्र की पिछड़ी हालत के लिए दशकों से सत्ता में रहे विधायकों को जिम्मेदार ठहरा रही है। मंत्री ठाकुर की कार्यशैली के कारण भाजपा को पांच विधानसभा सीटों पर नुकसान होने की संभावना है। त्रिशानु राय ने आरोप लगाया कि पिछले छह महीनों से भाजपा मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर पर पार्टी में शामिल होने का दबाव बना रही थी, लेकिन उनके मना करने पर ईडी का सहारा लिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को यह नहीं पता कि मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर दिशोम गुरु शिबू सोरेन के शिष्य है और वह कभी भी भाजपा जैसी धार्मिक उन्माद फैलाने वाली पार्टी में शामिल नहीं होंगे। आगे त्रिशानु राय ने यह भी कहा कि ईडी चाहे जितनी छापेमारी कर ले, लेकिन उसे गढ़वा की जनता की समस्याओं और विकास कार्यों के अलावा कुछ नहीं मिलेगा। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह चुनाव को देखते हुए ईडी का राजनीतिक हथियार के रूप में दुरुपयोग कर रही है, लेकिन मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर इससे डरने वाले नहीं हैं। महागठबंधन के एक-एक नेता तथा कार्यकर्ता घर-घर जाकर भाजपा की गलत नीतियों और इरादों के बारे में जनता को बताएंगे। जनता भी इसे राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित कार्रवाई मान रही है और आगामी विधानसभा चुनाव में इसका जवाब देगी।



# कालेज में प्रतियोगिता हुई सम्पन्न विजेताओं को मिले मेडल और ट्रॉफी




**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर। किसान इण्टर कालेज सरैया राजा साहब सीतापुर में पचहत्तरवीं जनपदीय माध्यमिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2०24 में बालिका वर्ग में चैम्पियन बना। जूनियर बालिका वर्ग में विजेता,सीनियर बालिका वर्ग में उप विजेता बना साथ ही बालिका वर्ग में ओवर आल चैम्पियन बना और बालक एवं बालिका दोनों वर्गो को मिलाकर ओवर आल में उप विजेता रहा, जूनियर बालिका वर्ग में क्लास नौ की छात्रा अर्चना व्यक्तिगत चैम्पियन बनी।बेबी और पारुल क्लास नौ की छात्रा ने अपने तीनों प्रतियोगिता में दो में गोल्ड और एक में सिल्वर मेडल प्राप्त कर विद्यालय तथा माता पिता और अपना नाम रोशन किया,बालिका वर्ग की ओवर आल चैम्पियन बनने पर विद्यालय के प्रबंधक रत्नेश कुमार के भाई अंजय मौर्य,अध्यक्ष विजय कुमार मौर्य ने सभी बच्चों को मिठाई खिलाकर अपना आशीर्वाद दिया, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ शिवकुमार शर्मा ने सभी बच्चों को मण्डल में भी स्थान प्राप्त करने के लिए आशीर्वाद दिया और कहा बच्चों को खेलने के लिए जो भी सुविधा चाहिए। हम क्रीड़ा प्रभारी अवनीश कुमार,अध्यापक भूपेन्द्र कुमार सोनकर,शिवम मौर्य अनीसा वर्मा की मेहनत और लगन के लिए आभार व्यक्त किया,बच्चों, उनके परिवार और पूरे विद्यालय को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रवक्ता डॉ.मंजू सिंह,डॉ. सालिक राम,डॉ रामकिशोर, प्रीति यादव,अनिरुद्ध कुमार ऋषिकेश विश्वकर्मा,शिवा वर्मा,आदि अध्यापक एवं धर्मेंद्र कुमार त्रिपाठी,प्रेम प्रकाश वर्मा,चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अरविंद कुमार, ब्रह्मदीन,किरन कुमार चंदा और राहुल मौर्या सभी ने बच्चों को बधाई व आशीर्वाद दिया।

# राज्य महिला आयोग की सदस्या ने कलेक्ट्रेट में की जनसुनवाई, पीड़ित महिलाओं की सुनी समस्याएं

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हमीरपुर**

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश, राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्या श्रीमती पूनम द्विवेदी के द्वारा जिले में महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम लगाये जाने, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने एवं प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा महिला के कल्याणार्थ चलायी जा रही योजनाओं का लाभ दिलाये जाने के साथ ही महिलाओं को उनके विधिक अधिकारो की जानकारी दिलाये जाने हेतु समय-समय पर जिले में महिला जनसुनवाई, विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज राज्य महिला आयोग की सदस्य ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई कर विभिन्न प्रकार के उत्पीड़न से उत्पीड़ित महिलाओं/ बालिकाओं की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर कुल 36 शिकायतें प्राप्त हुई ज्यादातर शिकायतें विभिन्न थानों से संबंधित रही। इन सभी समस्याओं को राज्य महिला आयोग की सदस्य ने प्राथमिकता के साथ निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया । उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जाए इसमें किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसी जरूरतमंद /पात्र महिलाएं जिन्हें सरकार द्वारा उनके कल्याण एवं उत्थान हेतु संचालित की जा रही योजनाओं के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी नहीं है उनको विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के बारे में आच्छादित करने हेतु तथा उनको योजनाओं के बारे में जानकारी दिए जाने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं । कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों एवं महिलाओं के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है, महिलाओं को विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित भी किया जा रहा है। राज्य महिला आयोग की सदस्य ने कहा कि जिन्होंने अभी तक मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में आवेदन नहीं किया है उनका अनिवार्य रूप से आवेदन लेकर पात्र लोगों को इससे लाभान्वित किया जाए । कहा कि प्रत्येक पात्र परिवार को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जाए ताकि वे निशुल्क चिकित्सा का लाभ ले सके। उन्होने उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक थाना में महिला हेल्प डेस्क एवं आगन्तुक कक्ष की स्थापना कर वहाँ महिला आरक्षीगण की ड्यूटी लगायी गयी है। जहां पर कोई भी महिला/बालिका अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। जिनकी शिकायत सुनकर तत्काल निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण को आदेशित किया गया है। यदि उनकी कोई समस्या है, तो उन्हें बताकर उसका त्वरित निस्तारण कराया जा सकता है।मा0 सदस्या ने 1090 (वूमेन पॉवर लाइन), 181 (महिला हेल्प लाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइल), 112 (पुलिस आपतकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड लाइन), 102 (स्वास्थ्य सेवा) के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर सीएमओ डॉ गीतम सिंह, एसडीएम व सीओ सदर ,जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। जनसुनवाई के पश्चात मा सदस्य ने जिला कारागार का निरीक्षण कर वहां पर स्थित महिला बैरिक/महिला बंदी गृह को देखा तथा वहां दी जा रही सुविधाओं के बारे में महिला कैदियों से फीडबैक लिया तथा संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।

# टीबी के खात्मे के साझा प्रयास में अपना योगदान दें : डॉ. प्रखर मिश्रिख

➤ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक ने लिया सोलह क्षय रोगियों को गोद

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता राकेश पाण्डेय**



सीतापुर। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटी ईपी) के तहत मिश्रिख सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉ. प्रखर श्रीवास्तव ने सोलह क्षय रोगियों को गोद लिया। गोद लिए गए इन सभी टीबी रोगियों को उन्होंने और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्साधिकारियों एवं पैरामेडिकल कर्मियों ने सामुदायिक सहभागिता के तहत पोषक आहार किट (पोषण पोटली) भी प्रदान की। इस मौके पर उन्होंने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, स्वैच्छिक संगठनों, राजनीतिक दलों,आमजन सहित निजी चिकित्सकों से अपील कि है कि वह टीबी रोगियों को गोद लेकर टीबी के खात्मे के साझा प्रयास में अपना योगदान दें,और निक्षय मित्र बनकर क्षय रोगियों को स्वस्थ बनाने में सहयोग करें। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक ने बताया कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय क्षय रोग रोगियों को गोद लेने की योजना संचालित कर रही है।इस योजना के तहत कोई भी संस्था, औद्योगिक इकाई या संगठन राजनीतिक दल या कोई व्यक्ति टीबी मरीज को गोद ले सकता है, जिससे उसका समुचित इलाज हो सके। इस योजना को 'अडॉप्ट पीपल विद टीबी' का नाम दिया गया है। प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के द्वारा वर्ष 2०19 में टीबी मरीजों को गोद लेने की मुहिम शुरू की गई।राज्यपाल के आह्वान के बाद टीबी से मुक्ति दिलाने के लिए लोग तेजी से मरीजों का हाथ थाम रहे हैं। वो रोगियों को पोषण सामग्री उपलब्ध कराने के साथ उपचार में उनकी मदद भी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि निक्षय पोषण योजना के तहत निक्षय पोषण पोर्टल पर पंजीकरण के बाद टीबी रोगियों को प्रतिमाह एक हजार रुपए पोषण भत्ता के रूप में दिए जाते हैं।यह धनराशि सीधे मरीजे के बैंक खाते में भेजी जाती है।जिससे कि मरीज पौष्टिक खानपान कर सके। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार की ओर से 2०25 तक देश को टीबी मुक्त करने की योजना है। इस मौके पर कार्यक्रम में डॉ.मनीष रॉय,सीनियर ट्रीट मेंट सुपरवाइजर नीरज वर्मा अर्श काउंसलर लक्ष्मी गुप्ता, स्टाफ नर्स विभा मिश्रा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

# अविनाश पाण्डेय व अजय राय ने अयोध्या में किया भगवान श्री राम लला के दर्शन

**➲ कांग्रेस महासचिव और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने हनुमानगढ़ी के दर्शन कर प्रदेशवसियों के लिए की सुख समृद्धि की कामना**



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। शरद पूर्णिमा पर कांग्रेस महासचिव, एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को जनपद अयोध्या पहुंचकर भगवान श्री रामलला एवं संकटमोचन हनुमान जी (हनुमानगढ़ी) के दर्शन कर प्रदेशवसियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की।यह जानकारी देते हुए यूपी कांग्रेस मीडिया विभाग ने यहां जारी बयान में बताया कि पूजा अर्चना के बाद कांग्रेस महासचिव अविनाश पाण्डेय ने कहा कि जिस न्याय की लड़ाई को राहुल गांधी पूरे देश में लड़ रहे हैं, हमने प्रभु श्री राम से प्रार्थना की है कि उस लड़ाई को देशहित में लड़ने के लिए हमें शक्ति दें। उन्होंने कहा कि प्रभु राम ने अपना पूरा जीवन जिस सत्य के लिए लड़ाई लड़ी है, हम सभी उसी का अनुसरण करते हुए सत्य की राह पर चलते हुए असत्य और दुर्जनों के खिलाफ खड़े रहे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने जो रास्ता दिखाया है, हम कामना करते हैं कि सभी लोग उस पर चले और मर्यादा का पालन करे। उन्होंने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें प्रभु श्रीराम के दर्शन का सुख मिला। हम प्रभु से यह कामना करते हैं कि समाज में संपन्नता और खुशहाली आए और सभी लोग मर्यादित आचरण करते हुए अपना काम करें।

## राजधानी में कल होगा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**




लखनऊ। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ द्वारा 18 अक्टूबर को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लालबाग, लखनऊ परिसर में किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए सहायक निदेशक सेवायोजन लखनऊ सूर्यकान्त कुमार ने बुधवार को यहां बताया कि युवाओं ,युवतियों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाना तथा हर हाथ को काम सरकार की प्राथमिकताओं में है। सरकार के संकल्प पत्र में युवाओं को रोजगार पर विशेष बल दिया गया है।उन्होंने कहा कि उक्त पद के लिए शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट है एवं आयु 18 से 35 वर्ष है।उन्होंने बताया रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत होकर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा अपनी सीवी की प्रतियों एवं मूल शैक्षिक प्रमाण-पत्रों के साथ अभ्यर्थी सीधे प्रतिभाग कर सकेंगे। अभ्यर्थियों को किसी भी स्तर पर कोई शुल्क नही देना है। रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण एवं अन्य किसी असुविधा की स्थिति में टोल फ्री नम्बर 155330 पर सम्पर्क कर सकते है।

# उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान एवं राजकीय हाई स्कूल मस्ते मऊ द्वारा प्रभु राम के आदर्श विषयक संगोष्ठी संपन्न

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**




लखनऊ। भाषा विभाग उत्तर प्रदेश शासन के नियंत्रणाधीन उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान व राजकीय हाई स्कूल मस्तेमऊ गोसाई गंज लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में श्री राम के आदर्श और वर्तमान समाज विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता संस्कृति दीदी के नाम से प्रसिद्ध लोक गायिका एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य कुसुम वर्मा जी ने की। मुख्य अतिथि इ सुनील कुमार वाजपेयी ने कहा कि राम का जीवन अनुकरणीय है। श्री राम ने पुत्र, भाई, पति, शिष्य अनेक रूपों में अपने आदर्श को समाज के सामने प्रस्तुत किया। इसीलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया। विशिष्ट अतिथि सुधा मिश्रा ने राम के उच्चादर्शों को रेखांकित करते हुए कहा कि आज जब हम समाज में व्याप्त विसंगतियों, अत्याचार, स्वार्थ को देखते हैं तो राम का जीवन इन सबसे पार पाने के एक मात्र साधन के रूप में पाते हैं। इस अवसर पर अशोक कुमार यादव,सपना सिंह, अर्चना,माया देवी, डा रश्मि शील सहित अनेक विद्वानों ने अपने विचार रखें तथा विद्यालय की छात्राओं ने भी सक्रिय भागीदारी करते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के चारित्रिक, सांस्कृतिक विशेषताओं पर प्रकाश डाला तथा आदर्शों को आत्मसात करने पर बल दिया। डा रश्मि शील ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक व भारी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। सूक्ष्म जलपान वितरण के साथ संगोष्ठी सम्पन्न हुई। सबने कार्यक्रम की सराहना की तथा संस्थान द्वारा इस प्रकार के आयोजनों को महत्वपूर्ण बताया। प्राचार्य द्वारा आगे भी इस तरह के कार्यक्रम कराए जाने का अनुरोध किया गया।

## संतराम अग्रहरि को न्याय दिलाएगी आरपीआई: पवन भाई गुप्ता



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने गौसेसिंहपुर गाँव जाकर संतराम अग्रहरि के परिजनों से मुलाक़ात की एवं शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें हर हाल में न्याय दिलाने की बात कही। संतराम अग्रहरि के परिजनों से मिलने लखनऊ से सुल्तानपुर पहुँचे पवन भाई गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार से अपराधियों ने संतराम अग्रहरि की निर्मम हत्या की, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। हत्यारों ने एक गरीब आदमी का परिवार बर्बाद कर दिया। संतराम अग्रहरि अंडे का ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। लेकिन हत्यारों ने उनकी हत्या कर गरीब आदमी के परिवार का सुख-चैन छीन लिया। पवन भाई गुप्ता ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) संतराम अग्रहरि के परिवार को न्याय दिलाकर रहेगी एवं हर स्तर पर परिवार का साथ देगी। ये मामला मा. मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाकर हत्या से जुड़े हर अपराधी को कठोर सजा दिलायी जाएगी, ताकि ऐसे मामलों की पुनरवृत्ति न हो। साथ ही परिजनों को सुरक्षा भी मुहैया करायी जाएगी। पवन भाई गुप्ता ने कहा कि हत्या जघन्य अपराध है। जिस प्रकार संतराम अग्रहरि की सुनियोजित तरीक़े से हत्या की गयी, वह साबित करता है कि अपराधियों के हौसले कितने बुलंद है। लेकिन हम चुप बैठने वाले नहीं है। मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें इस घटना से अवगत कराएँगे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाकर ही दम लेंगे। पवन कुमार गुप्ता ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इंडिया संतराम अग्रहरि के परिवार के साथ हर स्तर पर खड़ा है। आर्थिक, सामाजिक, न्यायिक जो भी मदद की आवश्यकता होगी, वह की जाएगी।

# साइबर क्राइम पर हुई पाठशाला में साइबर सुरक्षा पर हुआ मंथन

**➲ एकेटीयू में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में पूरे प्रदेश से जुटे पुलिसकर्मी**

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में बुधवार को इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से सीडैक और इनोवेशन हब के सहयोग से वन डे मास्टर्स ट्रेनर ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन साइबर सेफ उत्तर प्रदेश का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से पुलिस के अधिकारियों, शिक्षकों और छात्रों ने भागीदारी की। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा को लेकर मंथन किया गया। विशेषज्ञों ने कहा कि बहुत तेजी और विविध तरीके से साइबर क्राइम बढ़ रहा है। इससे निपटने के लिए सबसे जरूरी कदम है जागरूकता। साइबर सुरक्षा को लेकर जितना अधिक सचेत रहेंगे उतना ही इसके शिकार होने से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए डीआईजी साइबर क्राइम पवन कुमार ने विभिन्न तथ्यों के आधार पर साइबर खतरे की ओर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आज के दौर में साइबर क्राइम दुनिया की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। यह तेजी से फैल रही है। इसके फ्रॉड के तरीके भी रोज बदल रहे हैं। साइबर क्राइम करने वाला किसी को भी आसानी से अपना शिकार बना लेता है। जितनी तेजी से तकनीकी विकसित हो रही है उसी अनुसार उसके कई खतरे भी हैं। तकनीकी के फायदे हैं तो कई तरह के खतरे भी = एसपी साइबर क्राइम एसपी साइबर क्राइम राजेश कुमार यादव ने कहा कि हम डिजिटल युग में जी रहे हैं। हर काम डिजिटली हो रहा है। तकनीकी के फायदे हैं तो कई तरह के खतरे भी हैं। साइबर क्राइम उन्हीं खतरों में से एक है। साइबर क्राइम का ज्यादातर शिकार पढ़े लिखे लोग हो रहे हैं। इसलिए साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता सबसे जरूरी है। पुलिसवालों को सबसे पहले खुद साइबर सुरक्षा और इसके विभिन्न पहलुओं के बारे में जानने की जरूरत है। फिर आम जनता को भी जागरूक करें। सीडैक के एम जगदीश बाबू ने साइबर सुरक्षा के विभिन्न तरीकों पर प्रकाश डाला। वित्त अधिकारी केशव सिंह ने भी साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक होने को सबसे जरूरी बताया। संचालन वंदना शर्मा ने तो धन्यवाद इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह ने दिया।

## समाचार

### माध्यमिक शिक्षक संघ जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर 19 अक्टूबर को प्रदर्शन कर करेगा वेतन भुगतान की मांग

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। लेखाधिकारी द्वारा 60 स्थानान्तरित शिक्षक एवं शिक्षिकाओं तथा 35 विद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के वेतन बिल पारित न किए जाने के विरोध में जिला संगठन के पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ता दिनांक 19 अक्टूबर, 2024 को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर सायं 03 बजे प्रदर्शन कर वेतन भुगतान की मांग करेंगे। जिला संगठन के इस निर्णय से आज संगठन के प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डा. आर.पी. मिश्र, जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा, जिलामंत्री महेश चन्द्र, संघर्ष समिति के संयोजक इनायत उल्लाह खां, कोषाध्यक्ष आर.पी. सिंह एवं आय-व्यय निरीक्षक आलोक पाठक ने संयुक्त शिक्षा निदेशक डा. प्रदीप कुमार, उप-शिक्षा निदेषक रेखा दिवाकर, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार को अवगत कराया और ज्ञापन सौपा और लेखाधिकारी प्रदीप कुमार को भी ज्ञापन प्रेषित किया गया।

### भजन कीर्तन में भक्ति से सराबोर हुई महिलाएं

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। मंजू जायसवाल के गाए भजन 卐कहां जाओगे मेरे बिहारी, होली होगी हमारी तुम्हारी卐 पर मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा के निवास पर आयोजित भजन संध्या में उपस्थित महिलाओं ने शारदीय नवरात्रि के अवसर पर आयोजित भजन संध्या में देवी के चरणों में अपने भजनों के माध्यम से श्रद्धासुमन अर्पित किए। भजन संध्या में उपस्थित महिलाओं ने शारदीय नवरात्रि के अवसर देवी गीत व कीर्तन गाए। मंजू जायसवाल द्वारा प्रस्तुत वैष्णों माता के भजन 卐जय माता जय माता दी कहिए....卐, रेखा शर्मा के 卐हरे तीन पत्तों में क्या बल है कि भोला मगन है...卐 अनीता सिंह के 卐अच्युतम केशवं.卐, आशा सिंह के भजनों के साथ माता के जयकारे से सभी भावविभोर हो गए तथा सभी उपस्थित महिलाएं भक्ति से सराबोर हो गईं। भजन-कीर्तन का आयोजन मानवाधिकार जनसेवा परिषद की महिला प्रकोष्ठ की प्रमुख रेखा शर्मा ने किया। भजन-कीर्तन में गीता शर्मा, अनन्या शर्मा, नीलम शर्मा, आशा सिंह, विनीता श्रीवास्तव, प्रतिभा शाही, अनीता सिंह, रेनू तिवारी, सुमन लता सिंह, अंशू गुप्ता, नीना श्रीवास्तव, मंजू जायसवाल, सुदामा देवी, उमा भटनागर, सुनीति जायसवाल, नीतू, उपाध्याय, सुब्रमण्यम, जया श्रीवास्तव व कई अन्य महिलाएं शामिल थीं। इस अवसर पर मानवाधिकार जनसेवा परिषद के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा, रितेश शर्मा, अर्थ शर्मा, अनूप शर्मा, सुयश श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी रूप कुमार शर्मा अध्यक्ष मानवाधिकार जनसेवा परिषद, लखनऊ ने उपलब्ध कराई

### हवन-कन्या पूजन के साथ नवरात्र संपन्न,पूजी गईं सिद्धिदात्री

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**



सीतापुर। जिले के कमला पुर कस्बे के महोठे रानी मन्दिर पर पण्डित अनिल मिश्र के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन और कन्या पूजन के साथ शारदीय नवरात्र सम्पन्न हो गया। अन्तिम दिन जगत-जननी के सिद्धिदात्री स्वरूप की उपासना की गई।श्रृद्धालुओं ने घरों में हवन किया और कुंवारी कन्याओं को भोजन कराकर लोक कल्याण की कामना की।नौ दिनों तक व्रत रहने वाले श्रृद्धालुओं ने पारण किया देवी के नौ दिवसीय पर्व नवरात्र की जिले में धूम रही। अन्तिम दिन देवी मंदिरों से लेकर पूजा पंडालों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। दर्शन-पूजन कर जन कल्याण की कामना की गई। ज्ञानपुर से लगे घोपइला देवी मंदिर पर श्रृद्धालुओं ने हवन-पूजन किया। साथ ही कुंवारी कन्याओं को भोजन कराकर दक्षिणा आदि समर्पित किया। इस दौरान लोक कल्याण की कामना की गई।इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार गूंजते रहे। शारदीय नवरात्र में जगह -जगह स्थापित दुर्गा पूजा पंडालों में पूजनोत्सव की धूम है। अधिकांश प्रतिमाएं दशमी के दिन ही विसर्जित कर दी जाती हैं। पंडालों में श्रृद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी,सुबह से ही शुरू हुआ श्रृद्धालुओं के पंडालों में पहुंचने का सिलसिला पूरे दिन व देर रात तक चलता रहा।

### बाढ़ प्रभावित लोग बैठे अनिश्चित कालीन धरने पर

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर। जिले की लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अहरोरी सेमरिया में शारदा नदी के कटान को रोकने के लिए तटबंध बनाए जाने की मांग को लेकर दूसरे दिन भी ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहा। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम सेमरिया,मास्टर पुरवा,बुढ़नापुर,खाले पुरवा आदि शारदा नदी की कटान के




मुहाने पर हैं, कटान से भयभीत ग्रामीण नदी के किनारे किनारे तटबंध बनाए जाने की मांग कर रहे हैं उसी के चलते शारदा कटान रोको संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में मंगलवार को शुरू किया गया अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किसी भी अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा सुध न लेने पर ग्रामीणों के द्वारा बुधवार को भी जारी रहा। इस मौके पर मौजूद ग्रामीण सरोज राजपूत, मौजी लाल,गोकरन,जय नारायण शुक्ला,लाल जी अवस्थी,गोकरन कुमार, करन बाजपेई आदि ने बताया कि,जब तक तटबंध बनाए जाने के लिए कोई ठोस कार्य योजना नहीं बनाई जाएगी तब तक अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

# मंत्री को प्रियंका गांधी पर विवादित पोस्ट करना पड़ा भारी

**● कांग्रेस नेता ने राज्यमंत्री की नेम प्लेट पर पोती कालिख एवं गेट पर लिखाः चोर - बईमान● प्रियंका गांधी पर राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा की गई आपत्तिजनक भाषा के प्रयोग से नाराज कांग्रेस नेता ने इस अंदाज में जताया विरोध**





**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) दिनेश प्रताप सिंह द्वारा की गई आपत्तिजनक भाषा के प्रयोग से आक्रोशित कांग्रेस नेता अनिल यादव ने उनके आवास पर पहुंचकर मंत्री जी की नेम प्लेट पर कालिख पोती एवम गेट पर % चोर - बेईमान % लिखने के बाद कहा कि प्रियंका गांधी के खिलाफ अगर कोई इस तरह की बात बोलेगा, बर्दाश्त नहीं करेंगे। कांग्रेस नेता द्वारा मंत्री जी की नेम प्लेट पर कालिख पोतने एवम गेट पर चोर - बईमान लिखे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कांग्रेस ने प्रियंका गांधी को केरल की वायनाड लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव वायनाड से चुनाव लड़ने जा रही है जिस पर तंज कसते हुए भाजपा सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने टिप्पणी करते हुए लिखा = अंततः लड़की लड़ नही पाई और भाग गई जहां लड़ना ना पड़े। बूढ़ी जो हो गई।% उनके द्वारा की गई इस टिप्पणी पर कांग्रेस नेताओं में आक्रोश है जिसके चलते कांग्रेस नेता ने अपने सहयोगियों के साथ मंत्री जी के आवास पर पहुंचकर इस अंदाज में विरोध जताया। हालाकि आनन फानन में गेट एवम नेम प्लेट पर पेंट से रंगाई पुताई का कार्य शुरू करा दिया गया लेकिन तब तक वीडियो वायरल हो चुका था।

## इंजीनियरिंग माइंडसेट विषय पर हुआ व्याख्यान का आयोजन

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। बुधवार को विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में विद्युत अभियांत्रिकी विभाग द्वारा आयोजित इंजीनियरिंग माइंडसेट पर व्याख्यान में, डॉ. सुजीत मिश्रा, वरिष्ठ प्रोफेसर, भारतीय रेलवे परिवहन प्रबंधन संस्थान ने छात्रों को प्रेरणादायक बातें साझा कीं। उन्होंने समझाया कि इंजीनियरिंग का मतलब एक ही चीज़ को अलग-अलग दृष्टिकोण से देखना है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि हमारा माइंडसेट हमें वर्तमान और भविष्य के बीच तालमेल बैठाने में मदद करता है, जिससे हम नवीनता और प्रचलित चीज़ों के बीच अंतर समझ पाते हैं। उन्होंने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे उन्होंने अपने अंदर के इंजीनियर को कभी मरने नहीं दिया और देश की प्रगति के लिए हमेशा काम किया। उन्होंने छात्रों को समय का सदुपयोग करने और डॉ. कलाम के पदचिह्नों पर चलकर अपने साथ-साथ देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।




कार्यक्रम के अंत में अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के डीन, प्रोफेसर ए.के. सिंह ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए छात्रों को निरंतर मेहनत करने की सलाह दी।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का समापन

- परिवहन मंत्री ने 28 नये इण्टरसेप्टर वाहनों को दिखायी हरी झंडी
- सड़क सुरक्षा के लिए जनजागरूकता जरूरी-दयाशंकर सिंह
- इण्टर सेप्टर वाहनों से सड़क सुरक्षा कार्य में आयेगी मजबूती,सड़क सुरक्षा बेहद महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील विषय,सड़क हादसों में 50 प्रतिशत की कमी लाने का लक्ष्य

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन हुआ।उन्होंने कहा कि गांधी जयंती समारोह से शुरू होकर आज सड़क सुरक्षा पखवाड़े का समापन हो रहा है।परिवहन मंत्री ने सड़क सुरक्षा को और मजबूत बनाने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए कार्यक्रम के समापन के अवसर पर 28 नये इण्टरसेप्टर वाहनों को हरी झण्डी दिखायी। उन्होंने कहा कि इण्टरसेप्टर वाहनों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के कार्य में और तेजी आयेगी एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को कार्य करने में सुगमता होगी।इण्टरसेप्टर वाहनों से ओवर स्पीडिंग, ड्रकेन ड्राइव, रांग साइड ड्राइविंग, मोबाइल इस्तेमाल की जांच में आसानी होती है।उन्होंने कहा सड़क सुरक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है एवं आज के समय में बहुत ही आवश्यक विषय भी है।आज प्रदेश 13 हाईवेज के साथ देश में सबसे अधिक हाईवेज वाला प्रदेश है, जिसमें से 6 हाईवेज बन चुके हैं एवं अन्य हाई-वेज पर कार्य तेजी से चल रहा है। हाईवेज बनने से आवागमन में सुगमता के साथ-साथ समय का भी बचाव हो रहा है। साथ ही बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं भी चिन्ता का विषय हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने एवं अन्य लोगों से कराने की अपील की।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।उनसे उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों को अपने दिनचर्या में लाने का आह्वान किया।परिवहन मंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि में उत्तर प्रदेश पूरे देश में प्रथम स्थान पर है, यह एक चिन्ता का विषय है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को लेकर बहुत ही अधिक संवेदनशील हैं।उनकी अध्यक्षता में साल में दो बार सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक आयोजित होती है। प्रदेश में जितनी मौतें कोरोना काल में भी नहीं हुई उससे अधिक मौतें (लगभग 23 हजार प्रतिवर्ष) सड़क दुर्घटनाओं की वजह से होती हैं। होने वाली मौतों में सबसे अधिक संख्या 18-35 आयु वर्ष वाले युवाओं की है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत तक की कमी लाने का लक्ष्य है। इसी के दृष्टिगत प्रदेश में समय-समय पर सड़क सुरक्षा अभियान के साथ-साथ सड़क सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताएं भी विभाग करा रहा है। इसके अलावा सभी कॉलेजों एवं विद्यालयों में रोड सेफ्टी क्लब का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग एवं स्टेक होल्डर विभाग (पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, नगर विकास इत्यादि) के अलावा आमजन का भी सहयोग बेहद जरूरी है। आमजन की सहभागिता से ही लक्ष्य को प्राप्त करना संभव है।परिवहन मंत्री ने कहा कि 2014 से पहले लोग जगह-जगह पर कूड़ा-कचड़ा फेक दिया करते थे, परन्तु देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़े की शुरूआत के पश्चात अब परिस्थितियों में बदलाव आया है और लोग स्वयं साफ-सफाई तो कर ही रहे हैं, बल्कि गंदगी करने वाले लोगों को टोक भी रहे हैं। इसी प्रकार सड़क सुरक्षा को भी प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित शपथ भी दिलायी। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति स्व एपीजे अब्दुल कलाम का एक उद्धरण भी सुनाया-कहा सपने वो नहीं होते हैं, जो रात में हम देखते हैं, बल्कि सपने वो होते हैं जो हमें सोने न दें। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत सोंच व दृढ़-इच्छाशक्ति से किया गया प्रत्येक कार्य सफल होता है।उन्होंने कहा कि दुपहिया वाहन चालक हेलमेट एवं चार पहिया चालक सीटबेल्ट का प्रयोग आवश्य करें।कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक एवं एलईडी पैनल पर विज्ञापन के माध्यम से उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।कार्यक्रम के दौरान अपर मुख्य सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू, परिवहन आयुक्त चन्द्रभूषण सिंह, अपर परिवहन आयुक्त पुष्पसेन सत्यार्थी, एके सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी संजय कुमार तिवारी, संदीप कुमार पंकज सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक तीसरा विकल्प न्यूज़
लखनऊ से प्रकाशित
गुरुवार, 17 अक्टूबर, 2024



# संपादकीय

## दुर्भाग्यपूर्ण विवाद

गत एक वर्ष से अधिक समय से भारत तथा कनाडा के बीच जारी कड़वे विवाद का जो चरम हाल ही में देखने में आया है, वह दोनों देशों के दीर्घकालीन संबंधों के हित में कदापि नहीं कहा जा सकता है। निश्चय ही यह दोनों देशों के रिश्तों में अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है। अपने घरेलू राजनीतिक हितों को साधने के लिये जस्टिन ट्रूडो के हालिया तल्ख आरोपों के चलते ही भारत आलोचना- निंदा जैसे कदमों से कहीं और आगे निकल गया है। भारत की यह प्रतिक्रिया स्वाभाविक ही थी जब जून 2023 में कट्टरपंथी सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर, जिसे भारत ने आतंकवादी घोषित किया था, की हत्या में शीर्ष भारतीय राजनयिकों की संलिप्तता के आरोप कनाडा सरकार द्वारा लगाये गए। नई दिल्ली ने खुले तौर पर इस कटुता को पैदा करने में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रडो की नकारात्मक भूमिका का आरोप लगाया है। जिसके मूल में उनका घरेलू राजनीतिक एजेंडा है। भारत सरकार ने उन पर आरोप लगाया है कि अपनी अल्पमत सरकार को बचाने के लिये तैयार घरेलू एजेंडे के तहत ही जस्टिन ट्रूडो भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण रवैया अपना रहे हैं। निश्चित रूप से इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम की परिणति के चलते राजनयिकों के निष्कासन ने दोनों देशों के संबंधों को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। यह निर्विवाद सत्य है कि पिछले एक साल से जारी इस विवाद को सुलझाने में कनाडा की तरफसे संयम दिखाने के प्रयास ना के बराबर ही हुए हैं। जिसकी जवाबदेही जस्टिन ट्रूडो को ही स्वीकारनी होगी। दरअसल, कनाडा में अल्पमत सरकार चला रहे जस्टिन ट्रूडो लगभग नौ वर्ष के कार्यकाल के दौरान अपने घर में लगातार अलोकप्रिय होते जा रहे हैं। यहां तक कि उनके अपने राजनीतिक दल लिबरल पार्टी में उनका मुखर विरोध हो रहा है। इसके चलते पार्टी के भीतर पद छोड़ने को लेकर लगातार दबाव बढ़ रहा है। जो उनकी अपरिपक्व राजनीति का ही पर्याय कहा जा सकता है। दरअसल, अपनी सत्ता को डांवाडोल होते देख, कनाडा के लोगों का ध्यान हटाने के लिये ट्रूडो इस तरह के अप्रिय विवादों को हवा दे रहे हैं। आरोप लगाया जा रहा है कि सत्ता पर कब्जा बनाये रखने के लिये ट्रूडो सिख चरमपंथी तत्वों का तुष्टीकरण करने हेतु इस तरह के आरोपों को हवा दे रहे हैं। निश्चय ही भारत पर इस तरह के आरोप, राजनीतिक आकांक्षाओं के चलते लगाने से भारत के साथ कनाडा के संबंधों को जो नुकसान होगा, उसकी भरपाई करना अगले कुछ वर्षों में संभव नहीं हो सकेगा। निस्संदेह इस घटनाक्रम ने राजनयिक संकट को और गहरा किया है। इसमें दो राय नहीं कि भारत कनाडा सरकार द्वारा लगातार अलगाववादियों को समर्थन देने पर चिंता व्यक्त करता रहा है। लेकिन अपनी सरकार बचाने में जुटे जस्टिन ट्रूडो ने भारत की मांग को कभी भी गंभीरता से नहीं लिया है। जो मामला अब लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। यह अजीब बात है कि कनाडा सरकार सिख अलगाववादियों को निशाना बनाने के लिये आपराधिक नेटवर्क चलाने का आरोप लगा रही है। हालांकि, भारत विगत में ओटावा से भारतीय मूल के गैंगस्टरों पर लगाम लगाने के लिये कहता रहा है।

## अमीर-गरीब देशों के फर्क का राज

विश्व का सबसे सम्मानित कहा जाने वाला नोबेल पुरस्कार अर्थशास्त्र के क्षेत्र में तीन शोधकर्ताओं डारोन एसिमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए. रॉबिन्सन को दिया गया है। उन्होंने इस बात का पता किया है कि आखिर वे कौन से तथ्य हैं जिनके चलते विभिन्न देशों के बीच अमीरी-गरीबी का फ़र्क पैदा होता है। उन्होंने इसे दूर करने के कुछ उपाय बताये हैं जिन पर अमल कर वैश्विक गैरबराबरी को काफी हद तक दूर किया जा सकता है। देखना यह होगा कि जिन देशों के पास दुनियावी बदलाव करने की ताकत है, वे इस पर कितना अमल करते हैं। जाहिर है कि ऐसा कर वे स्वयं अपने रुतबे तथा दबदबे को खत्म करेंगे। इस रिसर्च को तो उन राष्ट्राध्यक्षों को ध्यान से पढ़ने, समझने और उसे क्रियान्वित करने की जरूरत है जो अपने देश के नागरिकों को खुशहाल बनाना चाहते हैं। यहां सवाल विश्व के सम्पन्न देशों की सूची में आना मात्र नहीं है वरन अपने नागरिकों के रहन-सहन के स्तर को ऊंचा करना और उन्हें एक गरिमामय जीवन प्रदान करना भी है। एसिमोग्लू, जॉनसन और रॉबिन्सन ने अपने सामूहिक अध्ययन एवं विशद विश्लेषण से स्पष्ट किया है कि कुछ देश क्यों अमीर हो गये और अनेक किसलिये गरीब हैं। इसके लिये उन्होंने कुछ इलाकों के उदाहरण भी प्रस्तुत किये हैं जिनके कुछ क्षेत्र एक देश में हैं तो कुछ दूसरे देश में। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेस ने सोमवार को इन अर्थशास्त्रियों को संयुक्त रूप से यह प्रतिष्ठित पुरस्कार देने का ऐलान करते हुए उनके काम की महत्ता को रेखांकित किया। 5 क्षेत्रों में दिये जाने वाला नोबेल आर्थिक क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाले को श्स्वेरिग्स रिक्सबैंक पुरस्कारश् कहलाता है। समिति ने कहा कि पुरस्कार के लिये चयनित अर्थशास्त्रियों ने पहली बार सामाजिक संस्थाओं के महत्व को प्रतिपादित करते हुए देशों की समृद्धि में उनके योगदान की वैज्ञानिक तरीके से मीमांसा की है। अपने शोध से उन्होंने यह भी बतलाया कि कैसे लोकतंत्र एवं समावेशी सामाजिक संस्थानों के जरिये राष्ट्र का विकास सम्भव है। एसिमोग्लू, जॉनसन तथा रॉबिन्सन के इस शोध ने बताया है कि खराब कानून व्यवस्था तथा नागरिकों का शोषण करने वाली संस्थाएं या देश सकारात्मक बदलाव नहीं ला सकते। पुरस्कार समिति का यह कहना कि, श्देशों के बीच आय के अंतर को खत्म करना वर्तमान समय की सबसे बड़ी चुनौती हैश, ऐसी वैश्विक अर्थव्यवस्था के दुष्प्रभावों की ओर छिपा संकेत है जिसके माध्यम से कई देशों की राजनैतिक एवं आर्थिक संस्थाओं को बर्बाद कर उन्हें पिछड़ा बना दिया गया है।

# लद्दाख आंदोलन की अनदेखी न हो

कुलभूषण उपमन्यु


FILE PHOTO

> आंदोलन अपने आप में गैर राजनीतिक है, किंतु ऐसी स्थितियों में राजनीतिक दलों को भी मुद्दा उड़ाने की कोशिशों से रोका नहीं जा सकता। सरकार मुद्दे को सुलझाती है तो उसे सियासी लाभ भी मिलेगा

एक महीने से ज्यादा समय से लद्दाख से अपनी मांगों को लेकर पदयात्रा करते हुए सोनम वांगचुक के नेतृत्व में दिल्ली पहुंच कर सौ से ज्यादा लोग बैठे हैं। कठिन जलवायु में इतनी लंबी यात्रा करके 80 वर्ष के बूढ़े साथियों समेत यह दल दिल्ली पहुंचा है। दिल्ली पुलिस का इनके साथ व्यवहार कुछ अच्छा नहीं रहा। बिना कारण आप क्यों शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात कहने के लिए इतने कष्टों के बाद दिल्ली पहुंचने पर उनके साथ शकिया लोगों जैसा व्यवहार कर रहे हैं। पुलिस की यह अति सक्रियता स्वयंभू थी या प्रेरित, यह कहना तो कठिन है, किन्तु अवांछित थी, यह तो निश्चय ही कहा जा सकता है। उसके बाद भी अभी तक सरकार की ओर से आंदोलनकारियों से बातचीत का कोई संदेश मिला नहीं लगता। हरियाणा और जम्मू एवं कश्मीर के चुनाव के चलते सरकार की अति व्यस्तता तो समझ में आती है, किन्तु अब कोई बाधा नहीं दिखती, इसलिए यह आशा की जानी चाहिए कि सरकार अति शीघ्र वार्ता करके सोनम वांगचुक का आमरण अनशन समाप्त करवाएगी और समस्या का सर्व समावेशी हल तलाश करने की दिशा में मार्ग प्रशस्त करेगी, ताकि शांति बनी रहे। सोनम वांगचुक पिछली सर्दियों में भी लद्दाख की कुछ मांगों को लेकर लंबा अनशन कर चुके हैं। उनकी कुछ मांगें केवल लद्दाख केन्द्रित हैं और कुछ पूरे हिमालय के संवेदनशील पर्यावरण को बचाने से संबंधित हैं। लद्दाख को सी श्रेणी राज्य का दर्जा देकर विधानसभा और उप राज्यपाल की व्यवस्था की जा सकती है। जाहिर है कि स्थानीय समस्याओं को जितना चुने हुए प्रतिनिधि समझ सकते हैं उतना प्रशासनिक तंत्र नहीं समझ सकता, जिससे लोगों में असंतोष बना रह सकता है। इस सीमान्त क्षेत्र में देश किसी असंतोष को सहन करने की स्थिति में नहीं है। दूसरी मांग छठी अनुसूची में डालने की है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 244 के अनुसार छठी अनुसूची लागू की गई। छठी अनुसूची को स्वायत्त जिला परिषदों की स्थापना और संचालन करके स्वदेशी आदिवासी समूहों की रक्षा के लिए बनाया गया था। असम, मिजोरम और मेघालय में तीन-तीन स्वायत्त जिला परिषदें हैं, त्रिपुरा में केवल एक है। स्वायत्त जिला परिषदों को अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों के लिए कानून बनाने का अधिकार है, जिसमें भूमि, खेती, विरासत, वन, और रीति-रिवाजों सहित आदिवासी और स्वदेशी समूहों से संबंधित हर पहलू को शामिल किया गया है। उन्हें भूमि और अन्य कर एकत्रित करने का भी अधिकार है। इससे छठे अनुसूची क्षेत्रों को बाहरी दबावों से बचाव की प्रभावी शक्तियां मिल जाती हैं, जिनका उपयोग स्थानीय संवेदनशील पर्यावरण और परंपराओं को संरक्षित करने में किया जा सकता है। पर्वतीय लोग आर्थिक रूप से उतने सशक्त नहीं होते क्योंकि वहां संसाधनों की कमी रहती है। यदि कुछ संरक्षण न दिया जाए तो पैसे वाले लोग वहां के संसाधनों को खरीद कर स्थानीय लोगों को हाशिए पर ला सकते हैं। यह डर सभी पर्वतीय राज्यों में कमोबेश रहा है। आदिवासी लोगों में यह और भी ज्यादा है। इस मुद्दे पर चर्चा करके रास्ता निकाला जा सकता है। लेकिन उनकी चिंता निराधार नहीं ठहराई जा सकती। सुना गया है कि लद्दाख के लोगों से छठी अनुसूची में लाने का वादा वर्तमान सरकार द्वारा किया गया था, तो इस समस्या को हल करने में कठिनाई नहीं होनी चाहिए। फिर भी सरकार हिचकिचा क्यों रही है, समझ से परे है। पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मुद्दों के बारे में उनकी मांगें हिमालय व्यापी महत्व रखती हैं। इसी कारण अन्य हिमालयी राज्यों में भी सोनम वांगचुक के संघर्ष के प्रति समर्थन का भाव है। पर्यावरण मित्र विकास और बृहदाकार निर्माण आधारित विकास में टकराव पूरे हिमालय में ही देखने को मिल रहा है। बृहदाकार निर्माण आधारित विकास संवेदनशील हिमालयी परिस्थिति तंत्र को तोडफ़ोड़ कर आगे बढ़ता है जिससे एक ओर पर्वतीय क्षेत्रों में मानव निर्मित आपदाओं में बढ़ोतरी हो रही है, तो दूसरी ओर लोगों को पर्याप्त रोजगार भी नहीं मिल रहे। आपदाग्रस्त और विस्थापितों का पुनर्वास भी बड़ी समस्या बना हुआ है। भाखड़ा और पौंग बांधों के विस्थापित अभी तक भी पूरी तरह से बस नहीं पाए हैं। इसलिए हिमालय में विकास के लिए वैकल्पिक मॉडल की खोज नवाचार के माध्यम से करनी होगी। कम से कम इतना तो मान कर ही चलना होगा कि हिमालय के लिए 'स्माल इज ब्यूटीफल' पर्वतीय राज्यों पर जलविद्युत उत्पादन का बड़ा दबाव है। इसमें कुछ नदियां तो लुप्त प्राय- ही हो गई हैं। ये झील में हैं या सुरंग में हैं। नदी तंत्र की रक्षा के लिए नदी दोहन की कोई सीमा निर्धारित करनी होगी। मान लो 60 फीसदी से ज्यादा नदी का दोहन नहीं करेंगे, तो नदी भी जिंदा रहेगी और बिजली भी बन जाएगी। हिमाचल उच्च न्यायालय ने नदी तंत्र पर जल विद्युत उत्पादन संबंधी मुद्दों पर रिपोर्ट देने के लिए अभय शुक्ल कमेटी का गठन किया था। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में 7000 फुट से ऊपर जल विद्युत परियोजनाएं न लगाने की संस्तुति की। किन्तु इस तरह के किसी भी संयम को मानने में वर्तमान व्यवस्थाएं असफल रही हैं। देखा जाए तो इस आधार पर हिमाचल में जल विद्युत उत्पादन की संतृप्ति सीमा आ चुकी है, किन्तु जल विद्युत क्षमता का आकलन बढ़ता ही जा रहा है।

# देश में महिलायें सुरक्षित नही, महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा की घटनायें एक चिंता का विषय



विक्रम दयाल

आजकल महिलायें सुरक्षित नही हैं. महिलाओं के साथ अक्सर घृणित घटनायें प्रतिदिन होने लगी है. अत्याचारियों की शिकार महिलायें होने लगी है. उम्र की कोई सीमा नही है. बलात्कारी उम्र का लिहाज किये बगैर घृणित घटनायें अंजाम देने लगे हैं. कड़े से कड़े कानून बनजाने के बावजूद बलात्कारी अत्याचारी घृणित कार्य करने में सफल हो ही जाते हैं. कानून हाथ मलते रह जाता है. स्कूल जाती छोटी उम्र की बच्चियाँ, कालेज जाती लड़कियाँ, नर्स, और डाक्टर सभी आज सामूहिक बलात्कार की शिकार होती किशोरियाँ, महिलायें, बलात्कारियों से त्रस्त हैं. सरकार या अन्य जिम्मेदार व्यक्ति बलात्कारियों को कानूनी फंदे तक नही पहुँचा पारहे हैं. अपराधी अपराध करके खुलेआम घूम रहे हैं. घटनायें होती जारही हैं और जनता हाथ पर हाथ धरे देखती जा रही है. महिलाओं के क्षत् विक्षत् अंग देख कर मानवता भी शर्मसार होजाती है. क्या लड़कियाँ जन्म न लें? क्या लडकियाँ पढ़े लिखें नही? क्या लड़कियाँ खुले वातावरण में सांस न लें? क्या लड़कियाँ डाक्टर या इंजीनियर न बनें? क्या लड़कियाँ मर्द की बराबरी न करें? क्या लड़कियाँ सफर न करें? क्या लड़कियाँ आसमान में न उड़े? क्या समाज को अब लड़कियों को दुनियाँ में आने से रोक देना चाहिए? ऐसा नही हो सकता है. लडकियाँ ही मां, बहन, बेटी, पत्नी के रिस्ते निभाते हुए दुनियाँ को मजबूत रिस्तों में बांध कर रखती है. लड़कियाँ हैं तो सभी रिस्ते हैं. इसलिए लड़कियों का आदर सम्मान करना बहुत ही जरूरी है. महिलाओ में जन्म देने की शक्ति है आजकल के युग में महिलाओं के विरुद्ध घोर से घोर अपराध होने लगे हैं. जिसे हमारा समाज ही इस अपराध को रोक सकता है. नारी शक्ति है तो दुनियाँ है. नारी शक्ति के बिना मानव अधूरा है. इललिए इंसान को नारीशक्ति का मान सम्मान करना अति आवश्यक है. धर्म कोई भी हो. बिना नारी के धर्म भी आगे नही बढ़ सकता है. धर्म और नारी का सम्मान सदा होना चाहिए. अगर नारी नही है तो वंश भी आगे बढ़ नही सकता. नारी के ही अंदर माता, बहन, बेटी, पत्नी, सारे दुनियाँ के रिस्ते हैं. महिलाओं का अनादर समाज में नही होना चाहिए. हर घर की मान मर्यादा एक नारी ही है. जहाँ महिला का सम्मान नही वहाँ विनाश होना निश्चित है. बिना मां का, कोई भी इंसान इस धरती पर नही है. सभी को किसी मां ने ही जन्म दिया है. मां ही किसी बच्चे का पालन पोषण कर सकती है. इसलिए हर समाज में हर धर्म में मां का स्थान सर्वोपरि है. मां जन्मदात्री है इसलिए मां पूज्यनीय है. महिलाओं पर बढ़ते अपराध आजकल एक चिंता का विषय है. महिलाओं पर बढ़ते अपराध को रोकने की जरूरत है. बड़े से बड़े और कड़े से कड़े कानून बनने के बावजूद भी अपराध नित्य प्रतिदिन बढ़ते ही जारहे हैं. अपराधी अपराध करने से चूकते नही हैं. और बच निकलते हैं. आजकल कहीं भी महिलायें सुरक्षित नही हैं. महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा की घटनायें रुकनी चाहिए. तभी नारीशक्ति का सम्मान होगा.




**मेष**:- नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।
**बृषभ** :- पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।
**मिथुन** :- भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।
**कर्क** :- महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।
**सिंह** :- किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।
**कन्या**:- किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।
**तुला**:- कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।
**वृश्चिक**:- पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।
**धनु**:- रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।
**मकर**:- सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।
**कुंभ**:- भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकाराम्नक विचार ला सकती हैं।
**मीन**:- भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं।

# हरियाणा में हार के बाद कांग्रेस को महाराष्ट्र में अधिक सावधान रहना होगा

कल्याणी शंकर

कांग्रेस पार्टी को अपने इंडिया गठबंधन सहयोगियों की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उसने हाल ही में हरियाणा विधानसभा चुनाव को ठीक से नहीं लड़ा, जिससे भाजपा को दस साल की सत्ता विरोधी लहर के बावजूद तीसरी बार जीत हासिल करने का मौका मिल गया। अधिकांश एग्जिट पोल ने कांग्रेस की स्पष्ट जीत की भविष्यवाणी की थी, लेकिन भाजपा ने 90 में से 48 सीटें हासिल कीं, एक ऐसी जीत जिसने खुद भाजपा को भी चौंका दिया। यदि कांग्रेस हरियाणा में जीत जाती तो कांग्रेस के पुनरुत्थान की कहानी को बढ़ावा मिलता। हालांकि, कांग्रेस ने हाल ही में आंतरिक संघर्षों के कारण यह पांचवां विधानसभा चुनाव गंवा दिया। इसके पहले वह पंजाब, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में हार चुकी थी। अब यह अनिश्चित है कि इंडिया गठबंधन में उसकी साझेदार राजनीतिक पार्टियां भाजपा के खिलाफलड़ाई में उसके साथ एकजुट होंगे या नहीं। हरियाणा चुनाव में कांग्रेस के लिए आप के साथ गठबंधन जीत के लिए फायदेमंद होता है या नहीं, इस पर बहस हो रही है। दूसरे, हार का असर महाराष्ट्र और झारखंड में होने वाले आगामी चुनावों पर पड़ेगा। हरियाणा के नतीजों का तत्काल असर दिल्ली, महाराष्ट्र और झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनावों में सीटों के बंटवारे पर पड़ने की संभावना है। तीसरे, यह अनिश्चित है कि कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन होगा या नहीं। आप पहले ही कह चुकी है कि वह अकेले चुनाव लड़ेगी। अपनी अनुकूलता और समझौते की वजह से 2024 के लोकसभा चुनावों में इंडिया ब्लॉक ने अच्छा प्रदर्शन किया। गठबंधन का मुख्य उद्देश्य भाजपा से आमने-सामने की लड़ाई करना था और भाजपा विरोधी वोटों को विभाजित नहीं करना था। गठबंधन ने चिड़चिड़े मुद्दों को पीछे छोड़ दिया और इसके कारण चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब रहा। उन्होंने भाजपा को हराने के एकमात्र उद्देश्य से काम किया और कुछ हद तक इसमें सफल भी रहे। भाजपा का बहुमत कम हो गया और जेडी(यू) और टीडीपी की मदद से सरकार बनानी पड़ी। हरियाणा की हार ने गठबंधन के भीतर की स्थिति को बदल दिया है, जिसके बाद इंडिया ब्लॉक की अन्य राजनीतिक पार्टियों को कांग्रेस पर बढ़त मिल गयी है। साझेदार शायद थोड़ी अधिक संयमित और समझ-बूझ से निर्णय करते हुए अब कांग्रेस के साथ काम करेंगे। अभी तक किसी राजनीतिक पार्टी ने यह नहीं कहा है कि इंडिया ब्लॉक खत्म हो गया है। इसके विपरीत, हार के एक दिन बाद समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव के बयान से संकेत मिलता है कि कांग्रेस के साथ सपा का गठबंधन जारी रहेगा। अखिलेश ने कहा, श्मैं कहना चाहता हूं कि इंडिया ब्लॉक बना रहेगा। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस-सपा का गठबंधन बरकरार रहेगा। आम आदमी पार्टी ने कहा है कि वह दिल्ली विधानसभा चुनाव में अकेले चुनाव लड़ेगी, जबकि उसने तीन महीने पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन किया था। कांग्रेस तथा आप को कोई सीट नहीं मिली थी। अन्य सहयोगियों ने कांग्रेस की अति आत्मविश्वास और सीट बंटवारे के प्रति उसके कठोर रवैये की आलोचना की। लोकसभा चुनाव में अपनी संख्या दोगुनी करने वाली कांग्रेस हरियाणा में मिली करारी हार के बाद कमजोर पड़ गयी है। अधिकांश एग्जिट पोल ने हरियाणा में कांग्रेस की आश्चर्यजनक जीत का संकेत दिया क्योंकि भाजपा को 10 साल की सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ा और असंतुष्ट लोगों के एक वर्ग से निपटना पड़ा। हालांकि, भाजपा ने सबको चौंका दिया और हरियाणा में अपनी सबसे प्रभावशाली जीत दर्ज की। इस ग्रामीण राज्य में किसी भी पार्टी को कभी भी तीसरे कार्यकाल के लिए जीत हासिल नहीं हुई थी। महाराष्ट्र में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के बीच सीटों के बंटवारे पर चर्चा चल रही है। कांग्रेस को सीट बंटवारे के फॉर्मूले और चुनाव से पहले ही ठाकरे को सीएम के चेहरे के रूप में पेश करने की शिवसेना की मांग पर अधिक संवेदनशील होने की जरूरत है। आप ने हरियाणा चुनाव में कोई सीट नहीं जीती, लेकिन उसे लगभग 1.78 प्रतिशत वोट मिले। अगर कांग्रेस ने आप के साथ गठबंधन किया होता तो निस्संदेह यह इंडिया ब्लॉक की झोली में जुड़ जाता। शिवसेना नेता संजय राऊत के अनुसार, कांग्रेस ने छोटी पार्टियों और उनके सहयोग के प्रस्तावों को नजरअंदाज कर दिया। तृणमूल कांग्रेस, आप, शिवसेना (उद्धव), नेशनल कॉन्फ्रेंस, आरजेडी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और अन्य पर्टियों के नेताओं ने हरियाणा चुनाव में गड़बड़ी के लिए कांग्रेस की आलोचना की। शिवसेना के मुखपत्र सामना में बुधवार को संपादकीय में कहा गया, श्किसी ने नहीं सोचा था कि हरियाणा में भाजपा की सरकार फिर बनेगी। ऐसा लगता है कि कांग्रेस के अति आत्मविश्वास और स्थानीय कांग्रेस नेताओं के अहंकार के कारण पार्टी की हार हुई।श लोकसभा चुनाव के दौरान सीट बंटवारे के लिए अपनाये गये फॉर्मूले को दोहराना महत्वपूर्ण है, कम से कम महाराष्ट्र और झारखंड चुनाव में तो यही होगा। कमजोर कांग्रेस अपने अधिकांश सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे में बढ़त नहीं बना पायेगी। गठबंधन में मौजूदा मूड का असर कांग्रेस के अपने सहयोगियों के साथ संबंधों पर पड़ना चाहिए।

विपक्ष शायद और झटके न झेल पाये। कांग्रेस को भाजपा के साथ सीधी लड़ाई में लोक सभा की 286 सीटों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। 2024 के चुनावों ने साबित कर दिया कि भाजपा के खिलाफकांग्रेस का स्ट्राइक रेट 2019 के 8 प्रतिशत से बढ़कर 29प्रतिशत हो गया है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने भाजपा के साथ 286 सीटों पर चुनाव लड़ा, जो 2014 में 370 से कम है। कांग्रेस 2004 और 2009 में अपने सहयोगियों के साथ सौहार्द्रपूर्ण संबंधों के कारण सत्ता में आई थी। इंडिया गठबंधन को बनाये रखने की जिम्मेदारी मोटे तौर पर कांग्रेस पर है। उसे यह समझना चाहिए कि हर साथी, चाहे वह छोटा हो या बड़ा जरूरी है। कांग्रेस ने आत्ममंथन किया है। पंचमढ़ी और शिमला इसके अच्छे उदाहरण हैं। अब एक और ऐसे सत्र का समय आ गया है।

# नारी को अपनी सुरक्षा एवं अधिकार के प्रति जागरुक कराता मिशन शक्ति







**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**

उन्नाव। मिशन शक्ति अभियान फेस-05 के तहत महिलाओं और बेटियों को अपनी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक कराने के लिए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थानों द्वारा निरन्तर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्त्रियों एवं महिलाओं में न सिर्फ अपने अधिकारों को लेकर सजगता का प्रसार करना बल्कि उनके द्वारा विधिक एवं प्रशासनिक सहयोग से अपनी समस्याओं के निराकरण की प्रवृत्ति का विकास भी रेखांकित किया जा रहा है। एक तरफ पूर्व से संचालित एंटी रोमियो स्क्वाड व शक्ति मोबाइल को और अधिक सक्रिय किया गया वहीं महिलाओं की समस्याओं / शिकायतों के प्रभावी अनुश्रवण हेतु थाना स्तर पर स्थापित महिला हेल्पडेस्क एवं महिला बीट अधिकारी (शक्ति दीदी) द्वारा समग्र उपायों का प्रयोग करते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने के साथ साथ उनकी समस्याओं का निस्तारण भी कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 16.10.2024 को थाना फतेहपुर चौरासी महिला बीट अधिकारियों/मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम सुभाष नगर पश्चिमी व सर्राफा मार्केट कस्बा फतेहपर चौरासी, थाना पुरवा महिला बीट अधिकारियों/मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम घसना खेड़ा, थाना हसगंज की महिला बीट अधिकारियों/मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम मल्लिकादिम सरांय, थाना बिहार की महिला बीट अधिकारियों/मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम जानकीगंज, थाना बारासगवर की महिला बीट अधिकारियों/मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम बारा हरदो, थाना सोहरामऊ की महिला बीट अधिकारियों/मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम तुसरौर उच्च प्राथमिक विद्यालय, थाना बिहार की महिला बीट अधिकारियों/मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम मझरिया व ग्राम पटकापुर, थाना आसीवन की महिला बीट अधिकारियों/मिशन शक्ति टीम द्वारा जरुल्लानगर, थाना असोहा की महिला बीट अधिकारियों/मिशन शक्ति टीम द्वारा पीपीएसटी इंचर कॉलेज चंदन खेड़ा में भ्रमणशील रहते हुए ग्रामीण महिलाओं/बालिकाओं,स्कूली छात्राओं को महिला सशक्तिकरण हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में जानकारी दी गई तथा विभिन्न टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर्स वूमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, पुलिस सहायता नंबर 112, चाइल्डलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1076 आदि के विषय मे जानकारी दी गयी तथा पूर्ण जानकारी से संबन्धित टेंपलेट वितरित किये गये।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में यातायात के संचालन,ई रिक्शा रूट व्यवस्था संबंध में बैठक संपन्न

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता शाहजहांपुर**




शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद शाहजहांपुर में यातायात के संचालन हेतु ई रिक्शा रूट व्यवस्था प्रस्ताव के संबंध में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई। ई-रिक्शा संचालित हेतु यातायात पुलिस द्वारा प्रत्येक मंगलवार, बुधवार एवं गुरुवार को रजिस्ट्रेशन कैंप हथौड़ा चौराहा, राजकीय इंटर कॉलेज के सामने, बरेली मोड़ एवं यातायात कार्यालय में प्रातः 9ः00 बजे से रात्रि 8ः00 बजे तक निःशुल्क रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन कैंप में ई रिक्शा चालकों को आधार, मोबाइल नंबर, कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस लाना होगा। रजिस्ट्रेशन में किसी प्रकार की समस्या होने पर यातायात प्रभारी के मोबाइल नंबर 7839863499 पर संपर्क किया जा सकता है। ब जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्धारित मार्ग के अलावा अन्य मार्ग पर जाने पर रिक्शा चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए। जनपद-शाहजहांपुर में यातायात के संचालन हेतु ई-रिक्शा रूट व्यवस्था प्रस्ताव जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद शाहजहांपुर में वर्तमान समय में ई-रिक्शा बिना किसी रूट व्यवस्था के संचालित हो रहे है। इसके आने-जाने का कोई मार्ग निश्चित न होने के कारण उक्त रिक्शा अपने मनमाने ढंग से संचालित हो रहे है, जिसके कारण जनपद में यातायात व्यवस्था बनाए रखने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि रूट नंबर 1 से 4 तक 20 अक्टूबर 2024 से तथा रूट नंबर 5 से 8 तक 25 अक्टूबर 2024 से संचालित होंगे। उन्होंने कहा कि रूट नंबर 9 हाईवे पर ई रिक्शा व ऑटो पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेंगे। ई-रिक्शा के संचालन हेतु रूट न. निर्धारित करते हुए संचालन प्रस्ताव निम्नवत है रूट न. 1 बरेली मोड से राजघाट तिराहा होते हुए कनोजिया से हदफ़ चौकी, बड़ी ईदगाह से सुभाष नगर तिराहा से लाल इमली चौराहा से नगर निगम से दुर्गा तिराहा तक रूट न. 2 बरेली मोड से राजघाट चौकी से चारखंभा से केरुगंज से बॉसमंडी से पुत्तूलाल चौराहा से रोजा अड्डा तक। रूट न. 3 राजघाट चौराहा से चारखंभा होते हुए कोतवाली से कच्चा कटरा से मालखाना तिराहा से अनजान चौराहा से लाल इमली तक। रूट न. 4 बरेली मोड से राजघाट केरुगंज तिराहा से छाया कुआं से अंटा चौराहा से सुदामा चौराहा से सदर बाजार से नगर निगम से माल गोदाम से स्टेशन का पिछला हिस्सा रूट न. 5 हरदोई मोड से सराय कईया से पक्का पुल से पुत्तूलाल चौराहा से हथोड़ा चौराहा से जीआईसी तिराहा तक। रूट न. 5 धुँवाया व निगोही से आने वाले ई- रिक्शा को केवल गदियाना चुंगी तक। रूट न. 6 थाना कांट से आने वाले ई- रिक्शा केवल बरेली मोड पुल के अपनी तरफ तर्क । रूट न. 7 सेहरा मऊ दक्षिण से आने वाले ई-रिक्शा हरदोई मोड तक ही आ सकेंगे। रूट न. 8 रोजा के पीछे से आने वाले ई- रिक्शा केवल रोजा अड्?डा तक ही आ सकेंगे। रूट न० 9 हाइवे पर ई रिक्शा व आटो पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगें इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश एस, आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, एसपी सिटी संजय कुमार एवं सीओ सिटी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## विधान सभा उप चुनाव करहल के लिए 18 से 25 अक्टूबर तक नामांकन-निर्वाचन अधिकारी

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता अतुल कुमार पुरूषोत्तम**

मैनपुरी। जिला निर्वाचन अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम जी मिश्र के साथ विधानसभा उप निर्वाचन 110-करहल हेतु नामांकन स्थल कलेक्ट्रेट में पार्टी रवानगी स्थल, मतगणना स्थल कृषि उत्पादन मंडी समिति का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लेते हुए कहा कि नामांकन स्थल पर बैरीकेडिंग से लेकर सी.सी.टी.वी. कैमरों की स्थापना का कार्य तत्काल कराया जाये, सी.सी.टी.वी. कैमरे इस प्रकार लगाये जायें कि उनकी जद में ड्यूटी पर तैनात प्रत्येक कर्मी, नामांकन करने वाले प्रत्याशी, उनके प्रस्तावक रहें, नामांकन अवधि में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति नामांकन परिसर में प्रवेश न करे। उन्होने कहा कि निर्वाचन कार्य हेतु प्रयोग की जाने वाली जिन दुकानों, शेड को अधिग्रहीत किया जाना है, मतगणना हेतु प्रयोग में लाये जाने वाले चबूतरों, दुकानों, स्ट्रॉगरूम के सभी कमरों को तत्काल ठीक करायें, मंडी परिसर में निर्माणाधीन दुकानों में से प्रथम पंक्ति में स्थित 10 दुकानों का निर्माण कार्य अगले 10 दिन में प्रत्येक दशा में पूर्ण कराया जाये ताकि नव-निर्मित दुकानों को स्ट्रांगरूम के रूप में प्रयोग किया जा सके। श्री सिंह ने बताया कि कोई भी वाहन शिवमंगल क्लब (पानी की टंकी) से आगे नहीं जा सकेगें, कोई भी प्राइवेट व्यक्ति, उसका वाहन नामांकन परिसर में प्रवेश नही कर सकेगा, कलेक्ट्रेट कर्मी, निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी अपने वाहन के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में प्रवेश कर सकेंगे, प्रवेश द्वार से लेकर नामांकन कक्ष के अंदर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की रिकॉर्डिंग होगी, नामांकन कक्ष में वीडियो ग्राफर भी मौजूद रहेगा, नामाकंन प्रक्रिया की सीसीटीवी, वीडियो रिकार्डिंग करायी जायेगी, नामांकन हेतु जाने वाले प्रत्याशी, प्रस्तावक शिवमंगल सिंह क्लब की ओर पानी की टंकी वाले गेट से प्रवेश करेंगे, कलेक्ट्रेट के अन्य सभी गेट नामांकन प्रक्रिया के दौरान बंद रहेंगे, नामांकन कक्ष में प्रत्याशी व उसके 02 प्रस्तावक एक समय में मौजूद रहेगें, 100 मीटर के दायरे मे कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सकेगा, नामांकन के दौरान आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 110-करहल विधानसभा निर्वाचन के उप निर्वाचन-2024 की घोषणा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा की जा चुकी है, आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद में अवस्थित 110-करहल विधानसभा क्षेत्र हेतु नाम-निर्देशन पत्र कलेक्ट्रेट स्थित राजस्व अधिकारी न्यायालय कक्ष संख्या-25 में नामांकन प्रक्रिया संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पश्चात दि. 18 अक्टूबर से दि. 25 अक्टूबर तक नाम-निर्देशन पत्र दाखिल होंगे, दि. 28 अक्टूबर को नाम-निर्देशन पत्रों की जांच, दि. 30 अक्टूबर को नाम वापसी हेतु अंतिम तिथि निर्धारित की गई है, करहल विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को मतदान होगा एवं 23 नवंबर को मतगणना होगी।

## राजकीय महिला महाविद्यालय में सांझी कला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ




**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता मैनपुरी**

कुरावली। राजकीय महिला महाविद्यालय कुरावली, मैनपुरी में उत्तर प्रदेश शासन के अनुसार कल्चरल क्लब योजना के अंतर्गत दिनाक 16 अक्टूबर 2024 को सांझी कला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया है। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की सभी कक्षाओं की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजीव पोरवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अल्पी मित्तल एवं संयोजक डॉक्टर अंजना जादोन के निर्देशन में चलने वाली सांझी कला प्रतियोगिता का उद्देश्य भारतीय लोक कलाओं को बढ़ावा देने और नई पीढ़ी को सांस्कृतिक धरोहर से परिचित कराना था। सांझी तब से लोकप्रिय है, और मुगल काल के दौरान, अधिक परिप्रेक्ष्य के लिए समकालीन विषयों को पेश किया गया था। आज, सांझी कला कई घरों और स्थानों में पाई जाती है। इसे दिल्ली मेट्रो स्टेशनों पर प्रदर्शित किया गया है और हाल ही में राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान चित्रलेखों के लिए इसका उपयोग किया गया था। निर्णायक मंडल में डॉ संजीव पोरवाल एवं डॉ अंजना जादौन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने छात्राओं को सांझी कला प्रतियोगिता में प्रतिभाग लेने के लिए बधाई दी तथा प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने सभी छात्राओं को महाविद्यालय में आयोजित होने वाली सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कुंवर आर.सी. महिला महाविद्यालय में मिशन शक्ति कार्यक्रम संपन्न

❑ फेस 5 कार्यक्रम के अंतर्गत नारी सुरक्षा एवं स्वावलंबन से संबंधित एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता मैनपुरी**

मैनपुरी। कुंवर आर सी महिला महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेस 5 कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले महाविद्यालय में नारी सुरक्षा एवं स्वावलंबन से संबंधित एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रतिभा जायसवाल ने छात्राओं को महिला सुरक्षा से संबंधित आपातकालीन सेवा नंबरों एवं मिशन शक्ति के उद्देश्यों से परिचित कराया तथा छात्राओं को बताया की इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिंसा से प्रभावित महिलाओं एवं संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल और व्यापक निरंतर देखभाल, समर्थन और सहायता प्रदान करना ।सहायता की आवश्यकता वाली महिलाओं और अपराध तथा हिंसा पीड़ितों के बचाव, संरक्षण और पुनर्वास के लिये गुणवत्ता तंत्र स्थापित करना ।विभिन्न स्तरों पर महिलाओं के लिये उपलब्ध विभिन्न सरकारी सेवाओं तक पहुँच में सुधार करना ।दहेज, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न जैसी सामाजिक बुराइयों से लड़ने और लैंगिक समानता आदि को बढ़ावा देने के लिये सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के साथ-साथ कानूनी प्रावधानों के बारे में लोगों को जागरूक करना ।नीतियों, कार्यक्रमों/योजनाओं के अभिसरण के लिये सहयोगी मंत्रालयों/विभागों/राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के साथ सहयोग और सभी क्षेत्रों में महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु सार्वजनिक-निजी भागीदारी के लिये सक्षम वातावरण बनाना। लिंग आधारित लिंग चयन उन्मूलन के लिये बालिकाओं के अस्तित्व, संरक्षण, शिक्षा और विकास को सुनिश्चित करना। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं एन एस एस की स्वयं सेविकाएं एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## अधिकारियों ने जांची धान की उत्पादकता



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

शाहजहांपुर। मुख्य विकास अधिकारी डा. अपराजिता सिंह सिनसिनवार के निर्देश पर परियोजना निर्देशक जिला ग्राम्य विकास अधिकारी अवधेश राम की देखरेख में फसलों की औसत उपज और उत्पादन के आंकड़ों के संकलन को लेकर विकासखण्ड ददरौल के ग्रामपंचायत भेदपुर में धान की फसल कटाई की स्थिति का जायजा लिया। परियोजना निदेशक ने भेदपुर के कृषक राधा गुप्ता के धान के खेत में 43.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के 10म10म10 मीटर का समबाहु त्रिभुज का प्लॉट बनावाकर सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से फसल की क्रॉप कटिंग कराई। इसके बाद उन्होंने धान की पिटाई कराकर उसकी तौल भी कराई, जिसमें 27.630 किलो ग्राम की फसल प्राप्त हुई। परियोजना निदेशक ने क्षेत्र के भेदपुर गांव में क्रॉप कटिंग के निरीक्षण के दौरान फसल नपाई, कटाई, सीसीई एग्री ऐप पर ऑनलाइन फीडिंग आदि बिंदुओं की जानकारी बीमा कंपनी के जिला प्रबंधक शमी आलम से ली। परियोजना निदेशक द्वारा किसान बन्धुओं से आग्रह किया कि किसान अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराए व अपने-अपने खेतो में पराली न जलाने की भी अपील की। इस अवसर पर क्षेत्रीय लेखपाल अजय चौधरी,बीमा कंपनी तहसील समन्वयक मुसाद रजा व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## कांग्रेस के नेतृत्व के सोशल मीडिया हैंडल राज्य के बाहर से नियंत्रित होते हैं-मंत्री जयंत मल्लाबरुआ



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - पंकज नाथ**

असम। जन स्वास्थ्य, तकनीकी, कौशल विकास, पर्यटन आदि विभागों के मंत्री जयंत मल्लाबरुआ ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के सोशल मीडिया हैंडल को देश के बाहर से नियंत्रित किया जाता है। मंत्री ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के खिलाफ आरोप लगाते हुए कहा कि यह असम और देश के लिए बड़ा खतरा है। सूचना के साथ सोशल मीडिया में मंत्री ने कांग्रेस किस तरह विदेशी हस्तक्षेप से भारतीय चुनावों को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है, इस बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि अब सब कुछ साफ-सुथरा निकल आया है। मंत्री ने कहा कि यह आश्चर्य की बात नहीं है कि विदेशी समूहों का असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं पर प्रभाव है। जहां प्रशंसकों के बीच बांग्लादेशी उनमें से एक है । मंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के सोशल मीडिया पेजों का प्रबंधन अमेरिका और नॉर्वे की एजेंसियां करती हैं। उन्होंने कहा, %जो लोग आज भारतीय संविधान की रक्षा करने की शपथ ले रहे हैं, वे अपना डिजिटल माध्यम विदेशी एजेंटों को दे रहे हैं, यह बहुत चिंताजनक है.% ' मंत्री ने चिंता जताई कि कांग्रेस की यह कार्रवाई असम और देश के लिए बड़ा खतरा है। गौरतलब है कि जो लोग भारत के संविधान की शपथ लेकर सांसद रहे हैं या विभिन्न सरकारी पदों पर हैं, वे भारतीय मतदाता को प्रभावित करने के लिए बाहरी दुनिया की ताकत का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह गंभीर चिंता का विषय है। मंत्री ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस सांसद प्रद्युत बोरदोलोई के फेसबुक पेज के स्क्रीनशॉट साझा किए ताकि यह साबित किया जा सके कि उनका पेज नॉर्वे से संचालित होता है। मंत्री जयंत मल्लबरुआ ने कहा कि पूरे मामले में देश की सुरक्षा शामिल है। दूसरी ओर, मंत्री बरुआ ने कहा कि सांसद गौरव गोगोई के फैन क्लब के अधिकांश सदस्य बांग्लादेश के मियां हैं। मंत्री द्वारा साझा किए गए स्क्रीनशॉट में इसकी पुष्टि की गई। इस हिसाब से गौरव गोगोई के फैन क्लब को सबसे ज्यादा बांग्लादेश से नियंत्रित बताया गया है।

## परिवहन मंत्री ने अमर शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अर्पित की श्रद्धांजलि

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद देवरिया के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने भारतीय सेना के जांबाज नायक कैप्टन-अंशुमान-सिंह के प्रथम पुण्य तिथि पर आज लखनऊ स्थित बुद्धेश्वर चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि मेरे प्रभार के जनपद देवरिया के ऐसे लाल अमर शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह की जयंती पर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होना मेरे लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि शहीद अंशुमान विगत वर्ष 19 जुलाई 2023 को सियाचिन में अपने सहयोगियों को बचाते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। जब तक ऐसे बीर सपूत हमारे देश में पैदा होते रहेंगे तब तक हमारे देश की तरफ आँख उठाने की साहस कोई भी दुश्मन देश नहीं कर सकता। मैं ऐसे बीर सपूत के माता-पिता को दिल से नमन करता हूँ।

## जनता की समस्या समाधान हेतु राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच ने उप जिलाधिकारी महोली को सौंपा पत्र

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**




सीतापुर। जिले की तहसील महोली क्षेत्र के अन्तर्गत थाना इमलिया सुल्तानपुर की एक ग्राम पंचायत में अवैध कब्जा हटवाने को लेकर राष्ट्र वादी युवा अधिकार मंच ने उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जानकारी के अनुसार जिले की महोली तहसील क्षेत्र के थाना इमलिया सुल्तानपुर की ग्राम पंचायत कमोलिया के ग्रामीणों की समस्या को लेकर राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के जिला महासिचव अखिलेश गौतम ने उपजिलाधिकारी को पत्र सौंप कर अवैध कब्जा हटाए जाने की मांग की है। बताते हैं कि पीड़ित अनिल कुमार पुत्र दिल्ली सिंह द्वारा अवैध कब्जा हटवाए जाने के सम्बन्ध में शिकायत महोली उप जिला अधिकारी से की थी, शिकायत की जांच सम्बन्धित लेखपाल के द्वारा की गई और एक सप्ताह में कब्जा हटवाने का आश्वासन भी उनके द्वारा दिया गया। यह भी बताया गया कि शिकायत कर्ता द्वारा की गई शिकायत पर आख्या अपलोड भी की गई परन्तु अभी तक अवैध कब्जा नहीं हटवाया गया। राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के नेताओं ने कहा कि यदि ग्रामपंचायत कमोलिया में अवैध कब्जा शीघ्र नहीं हटवाया गया तो संगठन के पदाधिकारी व ग्रामीण धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह,जिला सचिव मोती लाल,अनिल कुमार,रामभजन,सालिक राम,सुनील,महेन्द्र कुमार जयपाल सिंह,कमलू, गोविंद सिंह,सतीश सिंह, दिनेश कुमार,ओमकार, चन्द्रिका प्रसाद, रजनीश व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रतापगढ़ का ऐतिहासिक भरत मिलाप सकुशल संपन्न

## राम भरत मिलन देख नम हुई भक्तों की आंखें

**प्रतापगढ़।** जिले का ऐतिहासिक भरत मिलाप बड़े धूमधाम से मनाया गया। शाम 6:०० बजे से ही विद्युत झालरों की सतरंगी लाइटों से पूरा नगर जगमग हो गया था। रात्रि 9:०० बजे से रथों और चौकियों ने अपना प्रदर्शन करना शुरू किया तो राम भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सारी रात चौकियां और विद्युत लाइटों को देखने लाखों की संख्या में भक्तों का जन सैलाब उमड पड़ा था।

पूरी रात पुलिस प्रशासन ने बहुत मेहनत कर इतने बड़े आयोजन को सफल बनाया। सुबह 6:०० प्रभु श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान जी महाराज भरत चौक पहुंचे। वहाँ पर पहले से ही भरत, शत्रुघ्न प्रभु का इंतजार कर रहे थे। सुबह 7:०० बजे भरत मिलाप के मुख्य अतिथि जिला अधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक डॉ० अनिल कुमार ने भरत चौक पर पहुंचकर पूजन आरती की। वह पल आया जब प्रभु श्री राम भरत गले मिले तो मौजूद राम भक्तो ने जयकारे लगाए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रज्ञा सिंह गायत्री गंगा ग्रुप, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी आशीष श्रीवास्तव, विधायक सदर राजेंद्र मौर्य, सीडीओ महोदया, एसडीएम सदर शैलेंद्र वर्मा व उपस्थित सभी अधिकारीगण व रामलीला समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, श्याम शंकर सिंह, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू, मंत्री विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, प्रदीप केसरवानी, धर्मेंद्र चौरसिया, पंकज शुक्ला, संतोष गुप्ता आदि ने प्रभु सहित चारों भाइयों की आरती उतारी। रामलीला समिति के पदाधिकारीयो ने जिला अधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक डॉ० अनिल कुमार, सीडीओ दिव्या मिश्रा, भाजपा जिला



अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, विधायक सदर राजेंद्र मौर्य, नगर पालिका ईओ, बिजली विभाग एसडीओ, जेई आदि अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। श्री रामलीला के 15 दिवसीय कार्यक्रम व ऐतिहासिक भरत मिलाप को सकुशल संपन्न होने पर संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक, एडीएम, एसडीएम, सीओ सिटी, सीओ रानीगंज, सीओ पट्टी, सीओ सदर, सीओ लालगंज,सीओ कुंडा, ईओ नगर पालिका, विद्युत विभाग, शहर कोतवाल अर्जुन सिंह, एलायू इंस्पेक्टर व उनकी पूरी टीम, चौकी इंचार्ज मकांदूगंज विनय सिंह, अतिथियों एवं मीडिया परिवार व सभी राम भक्तों का सभी दलों और मंडलों का सभी पदाधिकरियों का बहुत-बहुत आभार जताते हुए कहा कि आप सबके सहयोग व अथक प्रयास से एक बार फिर प्रतापगढ़ का ऐतिहासिक दशहरा भरत मिलाप व दैनिक शोभा यात्रा सकुशल संपन्न हुई। रामलीला समिति ने सभी का हृदय से वंदन करती है अभिनंदन करती है।श्री रामलीला समिति के पदाधिकारीगण आलोक गर्ग, सौरभ पांडे, रमेश जी, सोमिल केसरवानी, संतोष गुप्ता, सुशील कसौधन, अर्पित खंडेलवाल, आशीष उमरवैश्य, मनोज खंडेलवाल, आशीष अग्रवाल, नमन केसरवानी, धर्मेंद्र चौरसिया, समित श्रीवास्तव, राजेश उमरवैश्य, रोहित पांडे, ज्ञानेंद्र मिश्रा, दीपेश जैन,विवेक यादव, तेजस गुप्ता, अंशु सोनी, अभिषेक कश्यप, राकेश, पुनीत, राहुल सोनी, अभिषेक, अभिनव, अमित, सुमित कुमार, आलोक गर्ग, परमानंद मिश्रा, विशाल विक्रम सिंह, प्रदीप केसरवानी, दीपेंद्र कुमार मिश्रा, आशीष जायसवाल,संतोष कुमार, रविंद्र कुमार बंटी,संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, श्याम शंकर सिंह, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, मंत्री विपिन गुप्ता, संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू ,कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, प्रहलाद खंडेलवाल, छेदीलाल, देवानंद, वेंकटेश अग्रवाल, धर्मेंद्र चौरसिया, राजू शर्मा, प्रदीप केसरवानी, राजेश उमरवैश्य, राजेश खंडेलवाल, विनय सिंह, पंकज मिश्रा, मनीष सिंह, ज्ञानेंद्र, नितिन शर्मा गंगू, बंटी नेता, विवेक यादव, रोहित राज, सूरज उमरवैश्य, अमन गुप्ता आदि हजारो की संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे।

## बहराइच में हुई हत्या की निंदनीय घटना को लेकर करणी सेना के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष ने शाहजहांपुर डीएम को सौपा सीएम को संबोधित ज्ञापन



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता शाहजहांपुर**

शाहजहांपुर। जनपद बहराइच में हुई निंदनीय घटना श्री राम गोपाल मिश्रा की हत्या करने वाले हत्यारों को कठोर से कठोर कार्रवाई के संबंध में जनपद शाहजहांपुर में करणी सेना के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर ओमवीर सिंह राठौड़ के नेतृत्व में जिलाधिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन सौंपा इस दौरान करणी सेना के मण्डल उपाध्यक्ष शोभित सिंह मंडल मंत्री शिवम तिवारी जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगबीर सिंह राठौड़ जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद सिंह राठौर युवा जिला अध्यक्ष शालू पाठक युवा जिला संगठन मंत्री सचिन महानगर अध्यक्ष निशांत मिश्रा चौहान रोहण मिश्रा आर्यन सिंह बागेश चौहान राघवेंद्र सिंह बीरबल पांडे शशांक मिश्रा अनवर सिंह निहाल सिंह अमन गुप्ता अभिषेक सिंह सूरत सिंह सचिन चौहान रजत सिंह अभिषेक तोमर अनुज प्रताप सिंह अनुज सिंह स्वप्निल शर्मा पियूष शुक्ला आशीष भदौरिया अजय वीर पुष्पेंद्र मिश्रा सहित तमाम करणी सैनिक मौजूद रहे।

# रजिस्ट्री के बाद मकान खाली कराने के विवाद में महिला के पेट में घोंपा शीशा

➲ पेट फटने से महिला वाराणसी के ट्रामा सेंटर में रेफर ➲ एक वर्ष पूर्व इसी मामले में वृद्धा की हत्या का चला था मुकदमा



**अदलहाट,मिर्जापुर।** अदलहाट थाना क्षेत्र के ग्राम बैकुंठपुर में मंगलवार को लगभग एक बजे खरीदे गये मकान को खाली कराने को लेकर विवाद के बाद मारपीट में दोनों पक्षों के आठ लोग घायल हो गये।गम्भीर रुप से घायल महिला को वाराणसी के ट्रामा सेंटर मे भर्ती कराया गया।इसी मकान को खाली कराने को लेकर मारपीट में एक वर्ष पूर्व वृद्धा की मौत हो चुकी है।मकान खाली कराने को पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर से भी गुहार लगाई गई थी।मकान खाली कराने को क्रेता पक्ष के मौके पर पहुंचने पर दोनो पक्षो में मारपीट शुरु हो गयी। काउंटर में लगे शीशे को तोड़कर हथियार की तरह प्रयोग किया गया जिसमें प्रथम पक्ष के गुड़ीया देवी 4० वर्ष पत्नी राजेश सेठ बिहारी पुत्र संजय 21 वर्ष पुत्री सोनी 12 वर्ष व नीसू 1० वर्ष तथा दुसरे पक्ष के कृष्णा सेठ 5० वर्ष पत्नी राजेश सेठ,पुत्री मोनिका सेठ 29 वर्ष,मोनी सेठ 24 वर्ष,स्वतंत्र सेठ 26 वर्ष घायल हो गये। घायलों का प्राथमिक उपचार कराया गया।प्रथम पक्ष की गुड़ीया देवी की स्थिति गम्भीर होने से वाराणसी के ट्रामा सेंटर में रेफर किया गया। वहीं दुसरे पक्ष की मोनिका सेठ का नरायनपुर में उपचार चल रहा है।मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक थाना अदलहाट ने मकान में ताला बंद करा दिया।प्रथम पक्ष के बैकुंठपुर निवासी राजेश सेठ बिहारी ने बताया कि लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व बैकुंठपुर सब्जी मंडी के पास की मकान तीन भाईयों से रजिस्ट्री कराया था।रजिस्ट्री के बाद विक्रेता राजेश सेठ मकान को खाली करने से इनकार कर दिया। इसी विवाद में मेरी माता श्यामा देवी सेठ 65 वर्ष की हत्या करदी गयी थी जिसमें पुलिस कार्यवाही चली थी। पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर को ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाया था तो 2० सितम्बर को थाना अदलहाट में बुलाया गया था लेकिन कोई निस्तारण नहीं किया गया था।आज फिर विवाद होने पर पत्नी गुड़ीया के पेट में शीशा मारा जिसमें उसकी आत बाहर निकल गयी।पुत्री व पुत्र भी घायल हुए हैं।

# श्रीराम कथा के चौथे दिन ताड़का वध का किया गया वर्णन



**जमालपुर,मिर्जापुर।** विकास खण्ड जमालपुर के हसौली गांव में चल रहे नव दिवसीय श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा वाचक पं श्रीराम चन्द्र मिश्र ने ताड़का वध, अहिल्या उद्धार और पुष्प वाटिका का वर्णन किया। जिसे सुनकर जय श्रीराम के उदघोष से पूरा पंडाल गूंजता रहा। गुरु विश्वामित्र यज्ञ की रक्षा के लिए राम लक्ष्मण को लेकर आश्रम में पहुंचते है जहां यज्ञ शुरू होते ही राक्षसों ने विध्न डालने का प्रयास किया, तो ताड़का सहित कई राक्षसों का वध कर श्रीराम यज्ञ सम्पन्न कराते हैं। जिसके बाद गौतम मुनि के श्राप से पत्थर बनी अहिल्या का उद्धार करते हैं । दुसरे दिन गुरु विश्वामित्र की पूजा के लिए पुष्प लेने वाटिका जाते है।उधर सीता माता पार्वती की पूजा करने के लिए जाती है वहीं श्रीराम और सीता की मुलाकात होती है। इस दौरान आयोजक श्रीकांत द्विवेदी, अभिषेक द्विवेदी, राजेश द्विवेदी, राहुल दूबे, नीतेश दूबे सहित तमाम कथा प्रेमी मौजूद रहे।

# टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जमालपुर में आशाओं को किया गया प्रशिक्षित



**मिर्जापुर।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद मिर्जापुर के जमालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर क्षेत्र की समस्त आशाओं को प्रशिक्षित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में जिला क्षय रोग कार्यालय के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा आशाओं को टीबी रोग के समस्त लक्षणों एवं सरकारी स्तर से रोगियों को उपलब्ध सभी दी जा रही नि:शुल्क सुविधाओं से परिचित कराते हुए कहा कि आप सभी दी जा रही पूरी जानकारी से ज्यादा से ज्यादा लोगों को परिचित कराते हुए उन्हें जागरूक करने का प्रयास करें।

सतीश यादव द्वारा आशाओं के बीच कहा गया कि आप सभी का पद जीवन रक्षक पद है ।अत:आप मात्र नौकरी करने के विचार से उपर होकर क्षेत्र में इंसानियत व मानवता के भावना को भी जोड़ते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन मरीजों के हित में यदि करती हैं तो निश्चित रूप से 2०25 तक टीबी मुक्त भारत बनाने के प्रधानमंत्री के सपने को साकार रूप में तो देखा ही जाएगा बल्कि हमारा समाज इस गंभीर रोग से अपने को सुरक्षित भी महसूस करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश को टीबी मुक्त करने में शासन स्तर से हर संभव प्रयास व सुविधा लोगों के बीच उपलब्ध कराने का लगातार प्रयास जारी है लेकिन यह प्रयास निर्धारित समय पर तभी पूरा होता दिखेगा जब देश का हर नागरिक टीबी रोग के प्रति जागरूक स्थिति में आएगा।प्रशिक्षण के दौरान जमालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डाक्टर राजन के अलावा एसटीएस इफ्तिखार, एसटीएलएस अखिलेश यादव आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक गजाधर सिंह के निधन पर व्यक्त की गई शोक संवेदना



**डीह, रायबरेली।** ब्लाक मुख्यालय पर पूर्व विधायक एवं डीह के संरक्षक स्वर्गीय गजाधर सिंह की आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें ब्लाक अधिकारियों कर्मचारियों प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों सहित अन्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी ।लोगों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी धीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी , सहायक विकास अधिकारी , रंजीत सिंह,राजकुमार दीवेदी फूलचंद गुप्ता , नागेन्द्र कुमार शुक्ला, प्रेम शुक्ल अनुज सिंह काशी प्रसाद मौर्य ,पारसनाथ , पिंकू साहू , अंकित अग्रहरि , अनिल सिंह, गणेश यादव कुसुम चंद यादव, कमलेश सिंह ,सोनू जायसवाल, मनोज साहू दशरथ लाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# शिविर में नि :शुल्क 213 मरीजों का किया गया स्वास्थ्य जांच

## महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. दिप्ती सिंह व जोड़ एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय सिंह ने किया उच्चार



**अदलहाट, मिर्जापुर।** क्षेत्र समदपुर स्थित सेवाग्राम हॉस्पिटल की ओर से मंगलवार को नि:शुल्क जांच शिविर एवं सलाह चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें 213 मरीजों ने मुफ्त स्वास्थ्य जांच एवं इलाज का लाभ उठाया। तथा मरीजों को मुक्त में दवा वितरित किया गया। जिसमें हड्डियों की जांच,यूरिन,खून, शुगर, आदि की नि:शुल्क जांच की गई।स्वास्थ्य शिविर में सुबह 11से शाम पांच बजे तक बच्चे, बुजुर्गों, महिलाओं और युवा बड़ी तादाद में पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन कराने के बाद संबंधित चिकित्सकों को दिखलाने के बाद जांच कराया और दवा काउंटर से नि:शुल्क दवा प्राप्त किया।शिविर में क्षेत्र के आसपास के बड़ी संख्या में लोग इलाज के लिए पहुंचे थे। शिविर में बांझ एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दिप्ती सिंह ने बताया कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को चिकित्सकीय सुविधाओं को उपलब्ध कराना है।बड़े बड़े शहरों की तुलना में कम खर्च में बिना चीरे बच्चेदानी का आपरेशन एनडीवीएच करने वाला यह जनपद का पहला अस्पताल है।जहां यह सुविधाएं उपलब्ध है।जोड़ एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय सिंह ने कहा कि शिविर के माध्यम से लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच व दवा वितरित किया गया।

## जनसुनवाई पोर्टल पर झूठे निस्तारण का खेल

**सलोन,रायबरेली।** प्रदेश सरकार द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शुरू किया गया जनसुनवाई पोर्टल, अब शिकायतों के झूठे निस्तारण का अड्डा बनता जा रहा है। विकासखंड सलोन के ग्राम पहाड़गढ़ व भगवानपुर बढ़ैया के ग्रामीणों द्वारा की गई आवारा पशुओं से जुड़ी शिकायतों को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार आवारा पशुओं की समस्या को लेकर जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, लेकिन ग्राम विकास अधिकारी रामनरेश द्वारा झूठी रिपोर्ट लगाकर मामला रफा-दफा कर दिया गया। शिकायत का निस्तारण किए बिना ही उसे हल होने की सूचना दे दी गई, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। खराब सड़कों पर भी झूठी रिपोर्ट ग्राम परहरी के निवासियों ने खराब सड़कों की स्थिति को लेकर भी जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की थी। लेकिन यहां भी प्रशासन ने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए झूठी रिपोर्ट दर्ज कर दी। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़कें अब भी जर्जर स्थिति में हैं, जबकि पोर्टल पर समाधान दिखा दिया गया है।ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतों का समाधान केवल कागजों पर किया जा रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही। यही इस पूरे प्रकरण में जिलाधिकारी महोदया से बात की गई तो उन्होंने बताया है संबंधित अधिकारी को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

# नहाने के दौरान नदी में डूबा अधेड़






**बाजार शुकुल अमेठी।** थाना बाजार शुकुल क्षेत्र अंतर्गत थाना क्षेत्र से होकर गुजर रही गोमती नदी के पाली घाट(निर्माणाधीन पुल) पर नदी में नहाने के दौरान 55 वर्षीय व्यक्ति गहरे पानी में जाने से डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में जाल डलवाकर तलाश की लेकिन खबर खबर लिखे जाने मंगलवार की देर शाम तक पता नहीं चला। परिजनों में कोहराम मचा है।थानाक्षेत्र के पाली निवासी हरिशरण पाल (40) पुत्र रामसुमिरन ने मंगलवार की दोपहर 11 बजे निर्माणाधीन पुल के नीचे अपने चप्पल उतार कर नदी में नहाने के लिए कूद गया। वहां पुल निर्माण में लगे लोगों ने उसे नदी में कूदते देख इसकी सूचना बाजार शुकुल थाना पुलिस को दी। जिसके बाद फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष दया शंकर मिश्रा और स्थानीय गोताखोरों से नदी में जाल डलवाकर खोजबीन करने का प्रयास किया। पर देर शाम तक कोई पता नहीं चल पाया। आशंका जताई जा रही है कि गहरे पानी में डूबने से अधेड़ की मौत हो गई हो।बहरहाल समाचार लिखे जाने तक उसका कोई पता नहीं चला। थाना अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र ने बताया कि स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश की जा रही है।

# मेले की व्यवस्थाओ को बनाएं चाक चौबन्द : डीएम

**लखीमपुर-खीरी।** डीएम ने ईओं को मेले में चाकचौबन्द व्यवस्था बनाने रखने के लिए निर्देशित किया। ऐसे समारोह, मेले एवं महोत्सवों में पुलिस विभाग की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि उन्हें भी भरोसा है कि हमारे जनपद की पुलिस इस कसौटी पर खरी उतरेगी। मेलार्थियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। डीएम ने मेले में निर्वाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था एवं साफ सफाई समेत सभी व्यवथाएं चुस्त दुरूस्त करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा डा. इरा श्रीवास्तव ने डीएम के मेला आगमन पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से ऐतिहासिक दशहरा मेला महोत्सव का आयोजन हो सका है।उद्घाटन के अवसर पर एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह, सीओ रमेश कुमार तिवारी, ईओ संजय कुमार, मेला अधिकारी अमरदीप मौर्य, सहायक मेला अधिकारी मुरारी लाल, मेला अध्यक्ष मनोज राज, सहायक मेल अध्यक्ष श्वेता शर्मा, पिंकी देवी समेत सभासदगण कोशल तिवारी, कुमदेश शंकर शुक्ला एवं नगर पालिका कर्मचारी तथा पुलिस प्रशासन के लोग मौजूद रहे। ये दशहरा महोत्सव 15 अक्टूबर से प्रारम्भ होकर 29 अक्टूबर को अतिशबाजी के साथ सम्पन्न होगा। रामायण संगोष्ठी (स्थानीय) 15 अक्टूबर, रामायण संगोष्ठी (आमंत्रित) 16 अक्टूबर, देवी जागरण 17 अक्टूबर, संस्कृत कवि सम्मेलन 18 अक्टूबर, स्कूली बच्चों द्वारा आयोजित कार्यक्रम 19 अक्टूबर, जवाबी कव्वाली 2० अक्टूबर, पंजाबी संगीत सम्मेलन 21 अक्टूबर, स्थानीय संगीत सम्मेलन 22 अक्टूबर, प्रादेशिक कवि सम्मेलन 23 अक्टूबर, अवध संध्या 24 अक्टूबर, भोजपुरी संगीत सम्मेलन 25 अक्टूबर, मुशायरा 26 अक्टूबर, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 27 अक्टूबर, आमंत्रित कलाकारों द्वारा संगीत आमंत्रित 28 अक्टूबर और अतिशबाजी/समापन 29 अक्टूबर।

## आज ग्राम पंचायत में जन चौपाल आयोजित कर सुनी जाएगी जनसमस्याए

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता शाहजहांपुर**

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा प्रत्येक बृहस्पतिवार को ग्राम पंचायतों में एक जन-चौपाल का आयोजन किये जाने के निर्देश दिये गये है। आज दिनांक 17.1०.2०24 को जनपद की ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन सांयकाल ०4.०० बजे से 6:०० बजे तक किया जाएगा। ग्राम चौपाल में जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर निस्तारण कराया जाएगा।

# 11वी जुलूसे गौसिया पर सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकला गया जुलूस



**शुकुल बाजार अमेठी।** थाना क्षेत्र के महोना में मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में निकाला गया जुलूस हज़रत अब्दुल क़ादिर जिलानी रहमतुल्लाह अलैहे के जन्मोत्सव के मौके पर मंगलवार को बाद नमाज़े जोहर बड़े ही शानो शौकत के साथ जुलूसे गौसिया निकाला गया ।थाना क्षेत्र के शुकुल बाजार स्थित महोना मे मंगलवार को नमाज़े जोहर बड़े ही शानो शौकत के साथ जुलूसे गौसिया निकाला गया।जुलूसे गौसिया मदरसा से निकलकर महोना बाजार होते हुए बाबा हज़रत अहमद अली शाह रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर चादर पेश करने के बाद जुलूस का समापन किया गया और रात्रि में बाद नमाज़े ईशा महबूबे सुब्हानी कान्फ्रेंस जलसे का आयोजन किया गया है ।जलसे में खिताब फरमाने के लिए जनपद व गैर जनपद सहित स्थानीय उलेमा तशरीफ़ ला रहे हैं।इस दौरान एसडीएम प्रीति तिवारी सीओ मुसाफिरखाना अतुल सिंह व थाना अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र व थाना की पुलिस मुस्तैद रही।

# सांसद एवं जिलाधिकारी ने किया बेरा मशीन एवं ऑडियो मीटर का लोकार्पण

☐ बेरामशीन की जरूरत लम्बे समय से थी जो आज पूरी हो गयी-जय प्रकाश रावत

☐ नयी मशीन की स्थापना से मूक व बधिर लोगों को लाभ होगा -एम.पी.सिंह

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हरदोई**

हरदोई। माननीय सांसद हरदोई श्री जय प्रकाश ने जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के साथ 1०० शय्या अस्पताल में बेरा मशीन एवं ऑडियो मीटर का लोकार्पण किया। माननीय सांसद ने कहा कि जनपद में बेरामशीन की आवश्यकता लम्बे समय से महसूस की जा रही थी और आज यह आवश्यकता पूरी हो गयी है। जिलाधिकारी ने कहा कि नयी मशीन की स्थापना से मूक व बधिर लोगों को काफ़ी लाभ होगा। डॉ. हर्षिता ने माननीय सांसद व जिलाधिकारी को मशीन की पूरी कार्य प्रणाली के बारे में बताया। जिलाधिकारी ने स्वयं मशीन के सामने बैठकर श्रवणता की जांच करायी। सीएमओ रोहतास कुमार ने




मरीजों व तीमारदारों के लिए एक वेटिंग रूम की आवश्यकता के बारे में बताया। माननीय सांसद ने वेटिंग रूम के लिए पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, सीएमएस 1०० शय्या अस्पताल डॉ. मनोज श्रीवास्तव, सीएमएस महिला अस्पताल डॉ सुबोध कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सोनाली कुलकर्णी

## मैंने कभी नहीं माना कि मैं दुनिया की सबसे सुंदर लड़की हूं, पर मेरे अंदर टैलेंट है



एक्ट्रेस सोनाली कुलकर्णी इन दिनों श्मानवत मर्डर्सश् शो में नजर आ रही हैं। उन्होंने इस वेब शो में निगेटिव रोल निभाया है। वो हमेशा अपने किरदारों के साथ प्रयोग करती हैं। फिर चाहे ऋतिक की मां या खुद से बड़े सलमान खान की मां का रोल करना हो। पढ़ें इंटरव्यू।

सोनाली कुलकर्णी ने बताया कि उन्हें दर्शकों से शक्ति मिलती है

उन्होंने कहा कि डरो मत, कोई तुम्हारे साथ गलत नहीं कर पाएगा

सोनाली ने ये भी बताया कि उनकी ख्वाहिश क्या है

महज 26 साल की उम्र में फिल्म शिमशन कश्मीरश् में ऋतिक रोशन की मां का रोल करना हो या श्भारतश् में खुद से बड़े सलमान खान की मां का, सोनाली कुलकर्णी हमेशा ही एक निडर अदाकारा रही हैं। अपने किरदारों के साथ प्रयोग करने वाली सोनाली इन दिनों वेब सीरीज श्मानवत मर्डर्सश् को लेकर अपने नेगेटिव किरदार के लिए चर्चा में हैं। पेश है उनसे यह खास बातचीतरू

आप हमेशा एक निडर अभिनेत्री रही हैं। यह निडरता कहां से लाती हैं?

मुझे यह शक्ति मेरे दर्शक देते हैं। अगर वे मुझे इन किरदारों में स्वीकार नहीं करते, अगर शिमशन कश्मीरश् के बाद ऑडियंस कहती कि अरे, ये कहां से संजय दत्त की पत्नी और ऋतिक की मम्मी लगती है, तो मैं आगे यह हिम्मत नहीं कर पाती, पर ऐसा नहीं हुआ। मुझे शिमशन कश्मीरश् के लिए इतने सारे नॉमिनेशन मिले, तब के राष्ट्रपति जी तक से तारीफमिली, मतलब लोगों ने मुझे अलग-अलग रोल में कुबूल किया।श

मेरे पति को मैं बिना मेकअप सुंदर लगती हूं

वो आगे कहती हैं, श्हां, यह सही है कि बहुत से लोगों को लगता है कि कम उम्र में ऐसे रोल नहीं करना चाहिए, ऐक्ट्रेस को पर्दे पर यंग ही दिखना चाहिए, मगर मुझमें हमेशा ही खुद को लेकर आत्मविश्वास रहा है। मैंने कभी यह नहीं माना कि मैं दुनिया की सबसे सुंदर लड़की हूं। हां, मेरे आई-बाबा (माता-पिता) के लिए मैं बहुत अच्छी लड़की हूं। मेरे पति को मैं बिना मेकअप भी सुंदर लगती हूं और इतना मेरे लिए काफी है। मेरा मानना है कि आपको काम आपकी सुंदरता के लिए नहीं, आपके ऐक्टिंग टैलंट के लिए मिलता है तो उस टैलंट को उभारने के लिए मैंने हमेशा चौलेंज लिए हैं। इसमें मुझे बहुत मजा आता है।

मैंने कभी यह नहीं माना कि मैं दुनिया की सबसे सुंदर लड़की हूं

आपने पर्दे पर कई सशक्त महिलाओं की भूमिकाएं निभाई हैं। आपके लिए एक सशक्त महिला की परिभाषा क्या है? और आप महिला सशक्तिकरण की राह में सबसे बड़ी बाधा क्या मानती हैं?

मैं खुद को सशक्त और एक लीडर भी मानती हूं। मेरा मानना है कि जब तक मैं अपने आसपास की लड़कियों-औरतों को ऊपर उठाने में मदद ना करूं तो मेरा सशक्त होना बेमानी है। हमें हर लड़की की मेहनत, टैलंट, वक्त का सम्मान करना चाहिए। मेरी रिश्तेदारी में कोई लड़की हो या मेरी टीम में, मैं हर किसी की भावनाओं का सम्मान करती हूं। अगर मैं ऐसा नहीं करूं तो मैं दूसरों से भी अपने लिए सम्मान की उम्मीद नहीं रख सकती। आज बहुत सी लड़कियां असफल होती हैं, क्योंकि उनके जीवन में तरह-तरह की कठिनाइयां होती हैं, अगर मुझे उनकी कठिनाई महसूस नहीं हो तो मेरे सफल होने का कोई मतलब नहीं है।

वैसे, लड़कियों को लिए सुरक्षित समाज अब भी नहीं है। कोलकाता, बदलापुर में लड़कियों के साथ हुई हिंसा आपके भीतर की मां को कितना डराती है?

मैं सच कहूं तो गलत चीजें काफी हो रही हैं, मगर मैं मानती हूं कि यह दुनिया सुंदर है। मैं अपना हर दिन सुंदर बना सकती हूं। चाहे जितनी भी गलत चीजें आसपास हों, अगर हम सचाई और सुंदरता को पकड़कर रखें तो हमें शिव दिखेंगे। हम मायूस होते हैं, डिप्रेशन होता है क्योंकि अखबार में रोज 15 चीजें ऐसी होती हैं जिसे पढ़कर लगता है कि या तो अखबार फाड़ दूं या बंदूक लेकर उन अपराधियों को गोली मार दूं लेकिन यह हम करते नहीं हैं क्योंकि हमारा विश्वास सतर्कता और सक्रियता पर है।

मैं खुद को और दूसरों को यह यकीन दिलाने का काम करती रहती हूं

वो आगे कहती हैं, श्मैं सत्कर्म पर भरोसा रखती हूं। मुझे लगता है कि जो सपना हम देखते हैं उस ओर एक कदम भी बढ़ाते हैं तो उसके थोड़े करीब जाते हैं। हम हर दिन एक भी जीवित इंसान को यह बता पाएं कि डरो मत, दुनिया अच्छी है, कोई तुम्हारे साथ गलत काम करने के लिए पैदा नहीं हुआ है। उनसे गलती हो जाती है, वो अलग बात है लेकिन विश्वास रखो। मैं खुद को और दूसरों को यह यकीन दिलाने का काम करती रहती हूं, वरना किसी का अगला दिन देखने का भी मन नहीं करेगा।श

श्रुक्मिणीश् जैसा नकारात्मक किरदार निभाना आपके लिए कितना चुनौतीपूर्ण रहा? खुद एक बेटी की मां होने के नाते मासूम बच्चियों के प्रति क्रूर इस किरदार ने आप पर किसी तरह का असर डाला?

अपने करियर में मैंने कभी ऐसा किरदार नहीं निभाया तो बतौर कलाकार मेरे लिए बहुत अलग अनुभव था। मैंने अब तक जो रोल किए हैं, उनमें एक अच्छाई रही है। वे अपने परिवार, देश का अच्छा चाहती थी, जबकि रुक्मिणी बिल्कुल अलग है। मैंने स्क्रीन पर ऐसा नेगेटिव रोल कभी नहीं किया था तो करियर के इस मोड़ पर ऐसा ग्रे किरदार करना बहुत बड़ा चौलेंज था। उसकी सोच की परतें ढूंढ़ना बहुत मुश्किल था। निश्चित तौर पर इस भूमिका का मुझ पर बहुत असर पड़ा।

क्रूरता हम सब में होती है

वैसे, आपको यह अजीब लगे, पर मुझे लगता है कि क्रूरता हम सब में होती है, बस हम उस जानवर को बाहर नहीं आने देते। हम सभी को कभी-कभी इतना गुस्सा आता है कि मन करता है कि सामने वाले को एक झापड़ मार दें लेकिन हममें यह समझ होती है कि यह गलत है और हम ये नहीं करते। इसलिए, रुक्मिणी जिस राह पर जाती है, उसे समझना मुश्किल था। उस पर, एक बेटी की मां होने के नाते तो इस बारे में सोचकर भी डर लगता है। मुझे हमेशा स्वानंद किरकिरे का गाना ओ री चिरैया याद आता था। मुझे यह सोचकर भी सिहरन होती थी कि यह कहानी एक हकीकत है। ऐसा असल में हुआ था।

मुझे लगता है कि क्रूरता हम सब में होती है, बस हम उस जानवर को बाहर नहीं आने देते

आपकी कोई अधूरी ख्वाहिशें हैं, जो आप पूरा करना चाहती हैं?

बिल्कुल, मैं बहुत समय से किसी खिलाड़ी का रोल करना चाहती थी। वह मिला नहीं तो मैंने काफी सारे ट्रायथलॉन रेस में भागीदारी कर डाली। मैं अभी भी अपनी फिटनेस का काफी ख्याल रखती हूं। साइकिलिंग करती हूं। रनिंग, स्विमिंग करती हूं। कुल मिलाकर मैं स्पोर्ट्स पर्सन हूं और आशा करती हूं कि मुझे कभी किसी खिलाड़ी का रोल निभाने को मिले। जब मैं छोटी थी तो पीटी उषा का नाम बहुत चर्चा में रहता था, क्योंकि उन्होंने हमारे लिए मेडल जीते थे, तो कभी वो रोल मिले तो बहुत मजा आएगा।



## दिव्या खोसला ने फिर साधा जिगरा पर निशाना

एक्ट्रेस-फिल्म प्रोड्यूसर और टी-सीरीज के मैनेजिंग डायरेक्टर भूषण कुमार की पत्नी दिव्या खोसला कुमार ने आलिया भट्ध्ट की फिल्म शिजगराश् के कलेक्शन पर निशाना साधा है। उन्होंने मेकर्स पर फिल्म का फेक कलेक्शन अनाउंस करने का अरोप लगाया है। एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर खाली थिएटर का फोटो शेयर करते हुए लिखा है कि खुद आलिया ने टिकट खरीदे और फर्जी कलेक्शन अनाउंस कर दिया। आलिया में बहुत जिगरा है। इससे पहले भी दिव्या, 'जिगरा' के मेकर्स पर अपनी फिल्म 'सावी' की कहानी चुराने का आरोप लगा चुकी हैं। दिव्या बोलीं- 'सभी जगह थिएटर्स खाली थे' शनिवार को दिव्या ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक फोटो शेयर की। यह तस्वीर मुंबई के सिटी मॉल पीवीआर में हुए फिल्म 'जिगरा' के शो की है। इसे शेयर करते हुए दिव्या ने लिखा, 'थिएटर पूरी तरह खाली था। बल्कि हर जगह सभी थिएटर्स खाली थे। आलिया भट्ट में सच में बहुत जिगरा है। उन्होंने खुद ही टिकट खरीदे और फर्जी कलेक्शन अनाउंस कर दिए। मैं हैरान हूं कि आखिर पेड मीडिया चुप क्यों है? सच कभी झूठ नहीं बोलता। हैप्पी दशहरा।' हाल ही में आलिया, फिल्ममेकर करण जौहर के साथ एक थिएटर में शिजगराश् की स्क्रीनिंग पर पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने जमीन पर बैठकर अपनी फिल्म देखी। दिव्या की टीम ने लगाया कहानी चोरी का आरोप इससे पहले दिव्या की टीम ने आलिया पर उनकी फिल्म 'सावी' की कहानी चोरी करने का आरोप लगाया था। एक्ट्रेस की पीआर टीम ने एक नोट शेयर किया था। इसमें कहा गया था कि शिजगराश् उनकी फिल्म श्सावीश् की कहानी पर बेस्ड है। आलिया ने उनकी फिल्म की स्क्रिप्ट चुराई और फिर डायरेक्टर वासन बाला के साथ मिलकर उसमें बदलाव करके 'जिगरा' नाम से रिलीज कर दिया। 'जिगरा' ने पहले दिन कमाए 4.55 करोड़ आलिया और वेदांग रैना स्टारर शिजगराश् 11 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हुई है। 90 करोड़ में बनी इस फिल्म ने पहले दिन 4 करोड़ 55 लाख रुपए का बिजनेस किया है। इसे करण जौहर और आलिया भट्ट ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। इसमें आलिया के अलावा वेदांग रैना भी नजर आ रहे हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस ने शनिवार को सोशल मीडिया पर फिल्म का फर्स्ट डे नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन अनाउंस किया। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस ने शनिवार को सोशल मीडिया पर फिल्म का फर्स्ट डे नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन अनाउंस किया। 1. मूवी रिव्यू-जिगरारूप्रभाव डालने में नाकाम रहीं आलिया भट्ट, कहानी भी खास नहींय बस कुछ सीन्स इमोशनल कर सकते हैं आलिया भट्ट की एक्शन थ्रिलर फिल्म शिजगराश् आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। वसन बाला के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को आलिया भट्ट ने करण जौहर के साथ प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म की लेंथ 2 घंटे 35 मिनट है। दैनिक भास्कर ने इस फिल्म को 5 में से 2 स्टार रेटिंग दी है। 2. 'जिगरा' की रिलीज पर कंगना ने कसा करण-आलिया पर तंजरूबोलीं- 'जब आप कोई वुमन सेंट्रिक फिल्म बर्बाद करते हैं तो आपकी भी नहीं चलती' एक्ट्रेस कंगना रनोट ने आलिया भट्ट की फिल्म 'जिगरा' के रिलीज होने पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में कंगना ने वुमन सेंट्रिक सिनेमा के पतन पर बात की है।



## किसिंग सीन की क्वीन!

मल्लिका शेरावत एक ऐसा नाम हैं, जो किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. वह फिल्मों में इंटीमेट सीन और इमरान हाशमी के साथ किसिंग सीन को लेकर चर्चा में रही थीं. सिनेमा की दुनिया में तमाम ऐसे कलाकार देखे गए हैं, जो कि अपने करियर में काफी मशहूर हुए, लेकिन उस दौरान वह सुर्खियों में रहना पसंद नहीं करते. वह दर्शकों के दिलों पर अपने काम के जरिए अमिट छाप छोड़ते हैं और मशहूर हैं. कुछ ऐसी ही हैं बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत. मल्लिका अपनी बोल्ड फिल्मों, कन्ट्रोवर्सीज और इमरान हाशमी संग किसिंग सीन को लेकर खूब चर्चा में रही थीं. चलिए उनपर एक नजर डालते हैं. मल्लिका शेरावत का असली नाम रीमा लांबा है. वह हिसार के एक छोटे से गांव मोठ के एक जाट परिवार की जन्मी हैं. उन्होंने फिल्मों में आने के बाद अपना नाम बदल लिया, लेकिन सरनेम मां का ही रखा. बॉलीवुड में कदम रखने से पहले मल्लिका शेरावत ने अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान के साथ कई विज्ञापनों में काम किया. इसके बाद वह निर्मल पांडे के 'मार डाला' और पंजाबी गायक सुरजीत बिंद्राखिया की 'लक टुनू' जैसे म्यूजिक वीडियो में नजर आईं. बाद में, उन्होंने 2002 में जीना सिर्फमेरे लिए से बॉलीवुड में कदम रखा. इसके बाद वह इमरान हाशमी के साथ मर्डर (2004), प्यार के साइड इफेक्ट्स (2006), वेलकम, डबल धमाल आदि में नजर आईं. मल्लिका ने जब-जब फिल्मों में इंटीमेट सीन किए तो उनकी जमकर चर्चा हुई. इसके लिए उनको ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा. 2018 में पीटीआई के साथ एक इंटरव्यू में मल्लिका ने बताया था कि अगर कोई स्क्रीन पर छोटी स्कर्ट पहनती है या स्क्रीन पर किस करती है, तो उसे गिरी हुई महिला माना जाता है. मल्लिका ने अपना अनुभव बताते हुए कहा, आदमी आपके साथ बहुत खुलने की कोशिश करते हैं. मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ और मुझे कई प्रोजेक्ट से निकाल दिया गया. मल्लिका ने आगे कहा, हीरो कहते थे, तुम मेरे साथ इंटीमेट क्यों नहीं हो सकतीं? तुम स्क्रीन पर ऐसा कर सकती हो, मेरे साथ निजी तौर पर ऐसा करने में क्या समस्या है? उन्होंने आगे बताया कि इस वजह से उन्होंने कई सारे प्रोजेक्ट्स खो दिए. मल्लिका शेरावत अपनी बोल्ड चॉइस से लेकर विवादों और इमरान हाशमी के साथ किसिंग सीन देकर चर्चा में रहीं थीं. मल्लिका शेरावत ने कहा, श्उनके सेट पर सभी लड़कियां बहुत सुरक्षित हैं। मर्डर में उन बोल्ड दृश्यों को करते हुए भी मुझे बहुत सुरक्षित महसूस हुआ। बेशक, थोड़ा असहज महसूस होता है क्योंकि यूनिट के बहुत सारे लोग होते हैं। लेकिन भट्ट साहब और इमरान हाशमी दोनों ने मुझे बहुत सहज महसूस कराया।श् एक लंबे ब्रेक के बाद अभिनेत्री मल्लिका शेरावत ने बॉलीवुड में वापसी कर ली है। अभिनेत्री बीते दिन रिलीज हुई फिल्म श्विकी विद्या का वो वाला वीडियोश् में अभिनय करती दिख रही हैं। फिल्म में राजकुमार राव और त्रिप्ति डिमरी में लीड में हैं बावजूद इसके मल्लिका की मौजूदगी ने लोगों का दिल जीत लिया है। शेरावत के अभिनय की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है। फिल्म श्विकी विद्या का वो वाला वीडियोश् की रिलीज से पहले मल्लिका ने एक इंटरव्यू में अपने करियर के बारे में बात की। अभिनेत्री ने अपने सफल करियर का श्रेय महेश भट्ट को दिया। उन्होंने कहा, श्मैं अपने जीवन में कुछ शानदार पुरुषों से मिली हूँ। उन्होंने मुझे वह महिला बनने के लिए आकार दिया है जो मैं हूँ। महेश भट्ट साहब ने मुझे पंख दिए हैं। उन्होंने मुझे उन पितृसत्तात्मक बेड़ियों से बाहर निकालने में बहुत बड़ा योगदान दिया है।श् इमरान हाश्मी के साथ कैसा था एक्सपीरियंस? मल्लिका ने 2004 में रिलीज हुई मर्डर में अभिनेता इमरान हाश्मी के साथ दिए बोल्ड सीन पर भी खुलकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मर्डर के बोल्ड सीन की शूटिंग के दौरान हाश्मी ने उन्हें काफी सहज महसूस कराया था। अभिनेत्री ने कहा, श्उनके सेट पर सभी लड़कियां बहुत सुरक्षित हैं। मर्डर में उन बोल्ड दृश्यों को करते हुए भी मुझे बहुत सुरक्षित महसूस हुआ। बेशक, थोड़ा असहज महसूस होता है क्योंकि यूनिट के बहुत सारे लोग होते हैं। लेकिन भट्ट साहब और इमरान हाशमी दोनों ने मुझे बहुत सहज महसूस कराया। इमरान एक बेहद सज्जन व्यक्ति थे।

हिन्दी दैनिक
तीसरा विकल्प न्यूज़
लखनऊ से प्रकाशित



# लियोनेल मेसी ने तोड़ा क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रिकॉर्ड, संन्यास को लेकर कही बड़ी बात



**लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना बोलिविया का सामना कर रही थी। इस मैच में उन्होंने 6-0 से जीत हासिल की जिसमें मेसी की हैट्रिक का अहम रोल था। 37 साल के मेसी ने 19वें, 84वें और 86वें मिनट में गोल किए। अर्जेंटीना के दो गोल मेसी के पास पर हुए। उन्होंने लोटारो मार्टिनेज और जूलियन अल्वारेज के लिए गए गोल में एसिस्टेंट की भूमिका निभाई थी।**

फुटबॉल जगत में पिछले दो दशकों से अर्जेंटीना के लियोनल मेसी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बीच प्रतिद्वंद्विता चल रही है। दोनों अंतर्राष्ट्रीय और प्रोफेशनल फुटबॉल में एक दूसरे के रिकॉर्ड तोड़ते आ रहे हैं। इस रिकॉर्ड तो तोड़ने के बाद मेसी ने अपने रिटायरमेंट को लेकर भी बड़ी बात कही। वर्ल्ड कप क्वालिफायर मैच में लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना बोलिविया का सामना कर रही थी। इस मैच में उन्होंने 6-0 से जीत हासिल की जिसमें मेसी की हैट्रिक का अहम रोल था। 37 साल के मेसी ने 19वें, 84वें और 86वें मिनट में गोल किए। अर्जेंटीना के दो गोल मेसी के पास पर हुए। उन्होंने लोटारो मार्टिनेज और जूलियन अल्वारेज के लिए गए गोल में एसिस्टेंट की भूमिका निभाई थी। ये मेसी के करियर की 10वीं अंतर्राष्ट्रीय हैट्रिक थी। इस मामले में उन्होंने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की बराबरी की। वह दूसरे ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने 10 हैट्रिक लगाई है। दोनों सबसे ज्यादा हैट्रिक लगाने वाली खिलाड़ी हैं। लियोनेल मेसी ने मैच को लेकर कहा, यहां आकर लोगों का प्यार महसूस करके बहुत अच्छा लगता है जिस तरह से वे मेरा नाम पुकारते हैं उससे मैं बहुत प्रभावित होता हूं। ये मुझे प्रेरित करता है। मैं जहां हूं वहां खुश रहना पसंद करता हूं। अपनी उम्र के बावजूद, जब मैं यहां आथा हूं तो मैं खुद को एक बच्चे की तरह महसूस करता हूं क्योंकि मैं इस टीम के साथ सहज हूं।

# बाबर की जगह टीम में आए कामरान ने दिखाया दम

## डेब्यू टेस्ट में शतक जड़कर यह खास उपलब्धि अपने नाम की




**मुल्तान।** बाबर की जगह प्लेइंग-11 में कामरान को शामिल किया गया और उन्होंने अपने पहले ही टेस्ट मैच में शतक जड़ा दिया। 29 वर्षीय कामरान पाकिस्तान के लिए डेब्यू टेस्ट में शतक लगाने वाले दूसरे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। बाबर आजम की जगह इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए पाकिस्तान टीम में शामिल किए कामरान गुलाम ने अपना जलवा बिखेरा और शतक जड़ा। कामरान की शतकीय पारी के दम पर पाकिस्तान ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में पांच विकेट पर 259 रन बना लिए हैं। स्टंप के समय विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान 37 रन और आघा सलमान पांच रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। आबिद अली की सूची में शामिल हुए कामरान कामरान ने मुश्किल हालात में इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया और खुद को मिले मौके का पूरा फायदा उठाया। पाकिस्तान को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में पारी से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की चयन समिति ने कड़े फैसले लेते हुए बाबर, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह जैसे शीर्ष खिलाड़ियों को अगले दो टेस्ट से बाहर कर दिया था। बाबर की जगह प्लेइंग-11 में कामरान को शामिल किया गया और उन्होंने अपने पहले ही टेस्ट मैच में शतक जड़ा दिया। 29 वर्षीय कामरान पाकिस्तान के लिए डेब्यू टेस्ट में शतक लगाने वाले दूसरे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। इस तरह वह आबिद अली की सूची में शामिल हो गए हैं। 2019 में पाकिस्तान के लिए डेब्यू टेस्ट मैच में शतक लगाने वाले आबिद सबसे उम्रदराज बल्लेबाज हैं। नंबर चार पर उतरकर डेब्यू में शतक जड़ने वाले छठे बल्लेबाज बने कामरान कामरान इसके साथ ही चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए डेब्यू में शतक जड़ने वाले दुनिया के छठे और पाकिस्तान के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। कामरान से पहले पाकिस्तान के सलीम मलिक भी ऐसा कर चुके हैं। सलीम ने श्रीलंका के खिलाफमार्च 1982 में कराची में खेले गए टेस्ट मैच में नाबाद 100 रन बनाए थे। ओवरऑल इस सूची में कामरान और सलीम के अलावा बांग्लादेश के अमिनुल हक, इंग्लैंड के फ्रैंक हायेस, भारत के गुंडप्पा विश्वनाथ और इंग्लैंड के लिए खेलने वाले नवाब पटौदी सीनियर शामिल हैं। डेब्यू टेस्ट में शतक जड़ने वाले चौथे नंबर के बल्लेबाज खिलाड़ी देश बनाम रन वर्ष कामरान गुलाम पाकिस्तान इंग्लैंड 118 2024 अमिनुल हक बांग्लादेश भारत 145 2000 सलीम मलिक पाकिस्तान श्रीलंका 100' 1982 फ्रैंक हायेस इंग्लैंड वेस्टइंडीज 106' 1969 नवाब पटौदी सीनियर इंग्लैंड ऑस्ट्रेलिया 102 1932 सईम-कामरान ने पाकिस्तान को संभाला इससे पहले, पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद ने मुल्तान में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच ने अब्दुल्लाह शफीक (7) और मसूद (3) को सस्ते में आउट कर पाकिस्तान को दोहरा झटका दिया। पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही, लेकिन सईम अयूब और कामरान ने फिर पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 149 रनों की साझेदारी की। सईम और कामरान दोनों ने अर्धशतक जड़े। हालांकि, यह साझेदारी और बड़ी होती उससे पहले ही मैथ्यू पॉट्स ने सईम को आउट कर इसे तोड़ दिया। सईम 160 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 77 रन बनाकर आउट हुए। सईम के आउट होने के बाद क्रीज पर उतरे सऊद शकील ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सके और उन्हें ब्राइडन कार्स ने चार रन बनाकर पवेलियन भेजा। कामरान हालांकि, दूसरे छोर से पारी संभाले रहे और उन्होंने अपने पहले ही टेस्ट में शतक जड़ दिया। कामरान पाकिस्तान के 13वें बल्लेबाज हैं जिन्होंने टेस्ट डेब्यू में शतक लगाने का कीर्तिमान बनाया है। कामरान की पारी का अंत शोएब बशीर ने उन्हें बोल्ड कर किया। कामरान 224 गेंदों पर 11 चौकों और एक छक्के की मदद से 118 रन बनाकर चौथे बल्लेबाज के रूप में आउट हुए। इंग्लैंड के लिए पहले दिन लीच ने दो विकेट झटके, जबकि पॉट्स, कार्स और बशीर को एक-एक विकेट मिले।

# पूर्व कप्तान रानी रामपाल का बयान, कहा- बरसों से महिला हॉकी लीग का इंतजार था, कोच के रूप में जुड़ना भी गर्व की बात

**'पोस्टर गर्ल' रही पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने महिला लीग की शुरूआत को देश में खेल के लिये मील का पत्थर बताते हुए कहा कि उन्हें बरसों से इसका इंतजार था और अब खिलाड़ी के रूप में भले ही नहीं लेकिन कोच के तौर पर भी इससे जुड़कर वह गर्व महसूस कर रही हैं।**




भारतीय महिला हॉकी की 'पोस्टर गर्ल' रही पूर्व कप्तान रानी रामपाल ने महिला लीग की शुरूआत को देश में खेल के लिये मील का पत्थर बताते हुए कहा कि उन्हें बरसों से इसका इंतजार था और अब खिलाड़ी के रूप में भले ही नहीं लेकिन कोच के तौर पर भी इससे जुड़कर वह गर्व महसूस कर रही हैं। टोक्यो ओलंपिक 2021 में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम की कप्तान रही रानी देश में पहली बार शुरू हो रही हॉकी इंडिया महिला लीग में पंजाब और हरियाणा के सूरमा हॉकी क्लब की मेंटर और कोच होंगी। रानी ने यहां महिला लीग के लिये खिलाड़ियों की नीलामी से इतर से कहा ,'' हॉकी मेरा जुनून है। मैने जितने समय खेला, जुनून के साथ खेला। मेरे दिमाग में हमेशा से यह था कि भारतीय हॉकी से जुड़ने के लिये जो भी मौका मिलेगा, उसे मैं स्वीकार जरूर करूंगी।हॉकी मेरे दिमाग में हमेशा चलती रहती थी।'' भारत के लिये 212 मैचों में 134 गोल कर चुकी पद्मश्री से सम्मानित 30 वर्ष की इस खिलाड़ी ने कहा ,'' मैने राष्ट्रीय टीम में वापसी की बहुत कोशिश की लेकिन ओलंपिक से पहले हो नहीं पाया। इस महिला लीग के लिये हमने बहुत साल इंतजार किया है और जब यह शुरू हुई तो खिलाड़ी नहीं लेकिन कोचिंग स्टाफके तौर पर जुड़कर भी बहुत अच्छा लग रहा है।'' यह पूछने पर कि क्या लीग में खेलने की इच्छा नहीं थी, रानी ने कहा कि कई बार कठिन फैसले लेने पड़ते हैं हालांकि उन्होंने खेल से संन्यास के बारे में कोई खुलासा नहीं किया। उन्होंने कहा,'' मैं एक महिला खिलाड़ी हूं और मैने बहुत संघर्ष झेला है। एक खिलाड़ी हमेशा खिलाड़ी होता है। खेलने की ख्वाहिश कभी खत्म नहीं होती। कई बार आपको कठिन फैसला लेना होता है और मैने कोचिंग स्टाफ के साथ जुड़ने का फैसला किया।'' उन्होंने कहा ,'' संन्यास के बारे में बोलना अभी मुश्किल है। अभी लीग में नयी चुनौती का सामना करूंगी और उसके बाद कोई अंतिम फैसला लूंगी।'' पेरिस ओलंपिक 2024 के लिये क्वालीफाई नहीं कर पाने को भारत में महिला हॉकी के लिये झटका बताते हुए पूर्व कप्तान ने कहा कि अतीत को भुलाकर अब 2026 एशियाई खेलों और 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक पर फोकस करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के पास हरेंद्र सिंह के रूप में एक सक्षम कोच है जो पोडियम फिनिश का सपना पूरा कर सकते हैं। हरियाणा के शाहबाद की रहने वाली इस खिलाड़ी ने कहा ,'' तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहना बहुत बड़ा पल था। इसके लिये बहुत साल लगे और खिलाड़ियों, महासंघ, कोचों ने बहुत मेहनत की थी। हमने 2024 में पेरिस के लिये क्वालीफाई नहीं किया जो करारा झटका था लेकिन खेल में हर दिन नयी सीख होती है। जीत और हार खेल का हिस्सा हैं।'' इस महान स्ट्राइकर ने कहा ,''कोई भी टीम हारना नहीं चाहती। हम अतीत को बदल नहीं सकते लेकिन अब 2028 के लिये देखना है। पहला लक्ष्य 2026 एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतकर ओलंपिक के लिये सीधे क्वालीफाई करना होना चाहिये। महिला लीग खिलाड़ियों का पूल तैयार करने में काफी मददगार हो सकती है।'' उन्होंने कहा,''हरेंद्र सर कोच के तौर पर लौटे हैं जिनके साथ मैंने काफी हॉकी खेली है। उनके साथ सबसे बड़ा फायदा यह है कि वह हमारी संस्कृति और जानते हैं। हमारे कई खिलाड़ी ग्रामीण इलाकों से आते हैं और उनसे हिन्दी में बात करने पर समझ में आता है।'' उन्होंने कहा ,'' हरेंद्र सर हमेशा देश के लिये जीतने की सोचते हैं और वही भावना खिलाड़ियों में भी डालते हैं। खिलाड़ियों के दिल को छूने के लिये बहुत बड़ा माध्यम है और हमें यकीन है कि हरेंद्र सर के साथ 2028 में टीम अच्छा करेगी।'' रानी ने स्वीकार किया कि महिला लीग के पहले सत्र में नीलामी के लिये पर्स छोटा है लेकिन उम्मीद जताई कि आने वाले समय में अधिक फ्रेंचाइजी लीग से जुड़ेंगी और पैसा भी बढेगा। उन्होंने कहा ,''नीलामी के लिये पर्स कम जरूर है लेकिन कोई भी चीज शुरू करना कठिन होता है। हॉकी इंडिया के लिये भी यही है लेकिन लीग का प्रभाव अच्छा रहता है तो उम्मीद है कि और टीमें आगे आयेंगी और पर्स भी बढेगा।हमारे खिलाड़ी बहुत साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं तो आर्थिक तौर पर यह लीग बहुत मदद करेगी।'' एचआईएल महिला लीग के पहले सत्र में चार टीमें सूरमा हॉकी क्लब, बंगाल टाइगर्स, दिल्ली एसजी पाइपर्स और ओडिशा वारियर्स हैं। टीमों को नीलामी में दो करोड़ रूपये की सीमा दी गई है जबकि खिलाड़ियों को तीन बेसप्राइज दस लाख, पांच लाख और दो लाख रूपये में बांटा गया है।

# पाकिस्तान स्क्वॉड से बाबर-शाहीन के आउट होने पर ये क्या कह गए बेन स्टोक्स?




**पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इंग्लैंड के खिलाफदूसरे और तीसरे टेस्ट के लिए तीनों खिलाड़ियों बाबर आजम, शाहीन अफरीदी और नसीम को ड्रॉप कर दिया। क्रिकेट जगत तीनों स्टार खिलाड़ियों को एकसाथ ड्रॉप करने पर हैरान है। पीसीबी का ये फैसला कई एक्सपर्ट और पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर के गले से नहीं उतर रहा है।**

इंग्लैंड के खिलाफदूसरे टेस्ट से पाकिस्तान के तीन स्टार खिलाड़ियों बाबर आजम, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह की छुट्टी हो गई है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इंग्लैंड के खिलाफदूसरे और तीसरे टेस्ट के लिए तीनों को ड्रॉप कर दिया। क्रिकेट जगत तीनों स्टार खिलाड़ियों को एकसाथ ड्रॉप करने पर हैरान है। पीसीबी का ये फैसला कई एक्सपर्ट और पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर के गले से नहीं उतर रहा है। इस बीच इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इस मामले पर अपनी राय देने से मना कर दिया है। बेन स्टोक्स से सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूछा कि बाबर आजम, शाहीन और नसीम को पाकिस्तान टीम से ड्रॉप कर दिया गया, इस पर उनकी क्या राय है? तो स्टोक्स ने जवाब में कहा है कि, ये पाकिस्तान क्रिकेट का मुद्दा है। मेरा इससे कुछ लेना-देना नहीं। स्टोक्स अनफिट होने के कारण पाकिस्तान वर्सेस इंग्लैंड पहले टेस्ट में नहीं खेले थे। वह मंगलवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में दमखम दिखाते हुए नजर आएंगे। फिलहाल, तीन माचों की सीरीज में इंग्लैंड ने 1-0 की बढ़त बना रखी है। इंग्लैंड ने पहले मैच 823d7 का विशाल स्कोर खड़ा करने के बाद पारी और 47 रनों से जीत दर्ज की थी। इसके अलावा पाकिस्तान के सिलेक्टर आकिब जावेद ने इस पूरे मामले पर कहा कि, हमें विश्वास है कि इंटरनेशनल क्रिकेट से ये ब्रेक इन खिलाड़ियों को अपनी फिटनेस, आत्मविश्वास और मानसिक स्थिरता वापस पाने में मदद करेगा, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर स्थिति में लौटेंगे। वे अभी भी हमारे सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से हैं और पाकिस्तान क्रिकेट में योगदान देने के लिए तैयार हैं। हम इस अवधि के दौरान उन्हें पूरी तरह से समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि वे और भी मजबूत होकर वापसी कर सकें।

## डेब्यू जितनी रनों की भूख... विराट कोहली को लेकर ये क्या बोल गए गौतम गंभीर

टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली कुछ दिनों से आउट ऑफ फॉर्म चल रहे हैं। विराट इतनी कंसिस्टेंसी से रन बना चुके हैं कि अगर कुछ मैचों में उनके बल्ले से शतक नहीं निकलता है तो ऐसी बाते होने लगती हैं कि वह अच्छी फॉर्म में नहीं हैं। टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने इसको लेकर लोगों की सोच बदलने की बात कही है। उन्होंने कहा कि, डेब्यू के समय की तरह विराट में अभी भी रनों की उतनी भूख है और ऐसे में हर एक पारी के बाद उनका आकलन करना सही बात नहीं है। कोहली ने पिछली आठ पारियों में सिर्फएक अर्धशतक लगाया। न्यूजीलैंड के खिलाफबुधवार से शुरू हो रही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले उनका फॉर्म में लौटना जरूरी है। क्योंकि इसके बाद भारतीय क्रिकेट टीम को नवंबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना है, जहां पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले विराट की फॉर्म में वापसी बहुत अहम है। गंभीर ने आगे कहा कि, विराट कोहली को लेकर मेरी सोच एकदम साफहै कि वह वर्ल्ड लेवल का क्रिकेटर है। उसने इतने साल से इतना अच्छा प्रदर्शन किया है। रनों को लेकर उसकी भूख वैसी ही है जैसी डेब्यू के समय थी। उन्होंने यही भूख उसे वर्ल्ड लेवल क्रिकेटर बनाती है। मुझे यकीन है कि वह इस सीरीज और ऑस्ट्रेलिया में भी रन बनाएगा। गंभीर ने कहा कि किसी खिलाड़ी का आकलन एक खराब मैच या सीरीज के आधार पर नहीं किया जाना चाहिए।

## भारत के खिलाफटेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे ग्रीन, पीठ का ऑपरेशन करवाएंगे

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को रीढ़ की हड्डी में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण भारत के खिलाफबॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। यह 25 वर्षीय खिलाड़ी अपनी पीठ का ऑपरेशन करवाएगा जिससे उबरने में उन्हें छह महीने का समय लग जाएगा। पिछले महीने ब्रिटेन का दौरे में उन्हें इसका पता चला। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने जारी बयान में कहा,' 'तेज गेंदबाजों की रीढ़ की हड्डी में स्ट्रेस फ्रैक्चर होना आम बात है लेकिन कैमरन के फ्रैक्चर के पास वाले भाग में कुछ दिक्कत है जिसे चोट का कारण माना जा सकता है। ग्रीन का छह महीने तक बाहर रहने का मतलब है कि वह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी ही नहीं, फरवरी में श्रीलंका के दौरे और चौंपियंस ट्रॉफी में भी नहीं खेल पाएंगे। उनका इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलना भी संदिग्ध है। जसप्रीत बुमराह, , जेम्स पैटिंसन, जेसन बेहरेनडोर्फ और बेन ड्वारशुइस जैसे तेज गेंदबाज भी इस तरह का ऑपरेशन करवा चुके हैं और ग्रीन ने भी यही विकल्प चुना। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा, ''चिकित्सकों से परामर्श करने के बाद यह सुनिश्चित किया गया कि ग्रीन को ऑपरेशन करने से फायदा मिलेगा। इससे पहले कई तेज गेंदबाजों का इस तरह का ऑपरेशन सफल रहा है। इससे उबरने में लगभग छह महीने का समय लगेगा।'' भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला का पहला मैच 22 नवंबर सेपर्थ में खेला जाएगा। ग्रीन के बाहर होने का मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया को अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करना होगा। सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के इस साल के शुरू में संन्यास लेने के बाद ग्रीन की टेस्ट टीम में वापसी हुई थी। इस कारण स्टीव स्मिथ को पारी की शुरुआत करनी पड़ी थी। स्मिथ सलामी बल्लेबाज के रूप में सफल नहीं रहे थे और भारत के खिलाफउन्हें फिर से अपने पसंदीदा चौथे नंबर पर उतारा जा सकता है।

## बाबर आजम समेत 3 खिलाड़ियों को पाकिस्तान टेस्ट स्क्वॉड से ड्रॉप करने पर इस पूर्व पाकिस्तानी खिलाड़ी ने जताई नाराजगी

स्टार बल्लेबाज बाबर आजम, धाकड़ तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और नसीम शाह का पाकिस्तान टेस्ट टीम से पत्ता कट गया है। तीनों को इंग्लैंड के खिलाफदूसरे और तीसरे टेस्ट के लिए नहीं चुना गया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बयान में कहा कि प्रमुख खिलाड़ियों की मौजूदा फॉर्म और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए आराम देने का फैसला किया गया है। बाबर समेत तीन स्टार खिलाड़ियों को ड्रॉप होने पर पूर्व पाकिस्तान क्रिकेटर बासित अली भड़क गए हैं। और जानें दरअसल, बासित अली ने अपने यूट्यूब चौनल पर कहा कि, सिलेक्शन कमेटी ने जो टीम घोषित की उसमें बाबर, शाहीन और नसीम नहीं है। कमेटी ने कहा कि इन खिलाड़ियों को रेस्ट दिया गया है। ये बहुत अच्छा जुमला है। अगर रेस्ट की जगह ड्रॉप कहते तो जुमला गलत है। ज्यादती है। ये क्रिकेट के साथ बालात्कार है, अगर ड्रॉप वाला जुमला आता है। ये हमारे हीरो थे और रहेंगे। परफॉर्मेंस ऊपर नीचे होती रहती है। इंग्लैंड सीरीज के बचे हुए मैचों के लिए पीसीबी की पुनर्गठित सिलेक्शन कमेटी ने पाकिस्तान टीम चुनी है। कमेटी में पूर्व क्रिकेटर आकिब जावेद, अजहर अली और अलीम डार नए सदस्य हैं। बासित का मानना है कि तीन बड़े प्लेयर्स को सिर्फ अपना दबदबा दिखाने के चलते बाहर किया गया है। उन्होंने कहा कि, जिन तीन बड़े नाम को ड्रॉप किया गया है, सब गोलमाल है। वो दिखाना चाहते हैं कि हम जो आए हैं, बिल्कुल अलग चीजें करेंगे।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में मोहम्मद शमी को नहीं मिलेगा मौका! कप्तान रोहित शर्मा ने दिया चिंतित करने वाला अपडेट

अगले महीने नवंबर के आखिर में भारतीय टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाएगी। जहां दोनों टीमों के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। लेकिन इससे पहले एक बुरी खबर सामने आ रही है।

# बल्लेबाजों पर आश्रित रहने वाले एटीट्यूड... गौतम गंभीर ने गेंदबाजों के लिए कही बड़ी बात




भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज बुधवार से शुरू होने जा रही है। पहला टेस्ट बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाना है। सीरीज के आगाज से पहले टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने गेंदबाजों के लिए बड़ी बात कही है। दरअसल, गंभीर का कहना है कि हमें बल्लेबाजों पर आश्रित रहने वाले एटीट्यूड को खत्म करना चाहिए। बता दें कि, पिछले दशक में क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में खेलने के तरीके में धीरे-धीरे बदलाव आया है। टेस्ट में ज्यादा समय बिताने वाले बल्लेबाजों की जगह गेंदबाजों का दबदबा बढ़ा है। हाल ही में कानपुर में भारत और बांग्लादेश के बीच खेला गया टेस्ट मैच में भी इस बात का गवाह रहा।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 226001 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 226008 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-अनूप सिंह
आरएनआई न० UPHIN/2023/87118 मोबाइल नं. 7905289865,9839177720 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।